दैनिक

# मिशन नेशनल न्यूज

Mission of Truth

TITLE CODE.: UTTHIN05386

हिन्दी अखबार

प्रसारित स्थान : उत्तराखण्ड ● प्रयागराज ● मथुरा ● बिजनौर ● सहारनपुर ● मुजफ्फरनगर ● मेरठ ● गाजियाबाद

वेबसाईट पढ़े: www.missionnationalnews.com

वर्ष-2 अंक-348 पृष्ठ-8 : मूल्य : 1 रुपये

हरिद्वार, रविवार , 15 दिसंबर 2024

## संक्षिप्त समाचार

### ओपन एआई की पोल खोलने वाले बालाजी को करना पड़ी आत्महत्या?

**सैन फ्रांसिस्को**

चार साल तक ओपनएआई के लिए शानदार काम कर चुके और चैट जीपीटी के डेवलपमेंट में बड़ी भूमिका निभा चुके सुचिर बालाजी दुनिया भर की नजरों में उस समय आए थे जब उन्होंने ओपन एआई पर कई आरोप लगाए थे। सुचिर का कहना था कि चैट जीपीटी बनाने के लिए बिना अनुमति के पत्रकारों, लेखकों, प्रोग्रामरों आदि के भी कॉपीराइटेड मटीरियल का इस्तेमाल किया गया है जिसका सीधा असर कई बिजनेसों और कारोबारों पर पड़ेगा। इसके बाद उन्होंने आत्महत्या कर इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

उनकी नॉलेज और गवाही से ओपनएआई के खिलाफ चल रहे कानूनी मामलों में बड़ा असर पड़ सकता था।महज 26 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कहने पर मजबूर हुए सुचिर की यह तस्वीर लिंक्डन प्रोफाइल से है। बालाजी वह शख्स थे जिन्होंने एआई में योगदान तो दिया ही था बल्कि इस कंपनी में गलत परंपराओं और हरकतों को लेकर मजबूत आवाज उठाई थी। माना जा रहा था कि ओपनएआई के खिलाफ चल रहे कानूनी मामलों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कभी एआई के लिए काम करने वाले बालाजी ने दावा किया था कि ओपनएआई के काम करने के तरीके खतरनाक थे क्योंकि उन्होंने कथित तौर पर एआई मॉडल को ट्रेनिंग देने के लिए बिना अनुमति के कॉपीराइट सामग्री इस्तेमाल की। बालाजी ने बार बार एआई के नैतिक असर के बारे में चिंता व्यक्त कर रहे थे जो उनके अनुसार इंटरनेट के समूचे इकोसिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है।

### पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत बिगड़ी



**नई दिल्ली**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी की तबीयत एक बार फिर बिगड़ी गई है। उन्हे दिल्ली के अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

सूत्रों के अनुसार, फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर है, और अस्पताल प्रशासन जल्द ही उनका मेडिकल बुलेटिन जारी कर सकता है। लालकृष्ण आडवाणी की उम्र 97 वर्ष है और हाल के महीनों में उनकी सेहत में गिरावट आई है। पिछले 4-5 महीनों में उन्हें कई बार अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इससे पहले अगस्त 2024 में भी उनकी तबीयत बिगड़ी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। आडवाणी का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ने के कारण उनके समर्थक और पार्टी कार्यकर्ता उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं।

# आतंकवाद मुक्त माहौल में ही पाकिस्तान से अच्छे संबंध हो सकते है: विदेश मंत्री

**नई दिल्ली**



विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर ने संसद में प्रश्नकाल में तमाम दलों के सांसदों के प्रश्नों के जवाब में भारत के निकट और दूरस्थ पड़ोसी देशों (पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, श्रीलंका) के साथ अपने संबंधों को लेकर सरकार का मौजूदा रुख और नीति स्पष्ट की। उन्होंने पाकिस्तान को लेकर कहा कि भारत पाक के साथ अच्छे संबंध बनाने का इच्छुक है। लेकिन इसके लिए आतंकवाद रहित माहौल का होना बेहद जरूरी है। यही भारत सरकार का पाकिस्तान को लेकर वर्तमान में बना हुआ रुख है। लेकिन अगर ऐसा नहीं होता है और उनके पहले के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आता है तो उसका द्विपक्षीय संबंधों पर प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के साथ किया जा रहा व्यवहार भारत के लिए चिंता का कारण है। हम उम्मीद करते हैं कि ढाका उनकी सुरक्षा के लिए कदम उठाएगा। विदेश मंत्री ने बांग्लादेश की मौजूदा अंतरिम सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि वह भारत के साथ परस्पर लाभकारी स्थिर संबंध स्थापित करेगी। हमने उन्हें उक्त मामले पर अपनी चिंताओं से अवगत कराया है। विदेश सचिव ने भी हाल ही में ढाका की यात्रा के दौरान अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमलों के मुद्दे को उठाया। बांग्लादेश में विकास परियोजनाओं को लेकर भारत का अच्छा इतिहास रहा है।

**नेपाल द्वारा भारत के इलाकों को अपना बताकर जारी की गई करेंसी के मुद्दे पर विदेश मंत्री ने कि सीमा को लेकर हमारा रुख बिलकुल साफ है। अगर हमारा किसी पड़ोसी को ये लगता है कि उसके कुछ करने से भारत के रुख में तब्दीली आ जाएगी तो मैं उन्हें स्पष्ट कर दूं कि ऐसा कुछ भी नहीं होगा। म्यांमार के तनावपूर्ण हालात के बीच भारत को फ्री मूवमेंट रिजीम की समीक्षा करनी पड़ी।**

जयशंकर ने चीन के साथ एलएसी विवाद और सैन्य गश्त के सवाल के जवाब में कहा कि हमारे सुरक्षा बल लद्दाख के देपसांग में सभी बिंदुओं तक सैन्य गश्त के लिए जा रहे हैं। यही भारत की ऐतिहासिक सैन्य गश्त सीमा है। पिछला समझौता देपसांग और डेमचौक से जुड़ा हुआ था। जिस पर मैंने एक विस्तृत बयान सदन में दिया था। उसी से मामले को लेकर हमारी स्थिति स्पष्ट हो जाती है। नेपाल द्वारा भारत के इलाकों को अपना बताकर जारी की गई करेंसी के मुद्दे पर विदेश मंत्री ने कि सीमा को लेकर हमारा रुख बिलकुल साफ है। अगर हमारा किसी पड़ोसी को ये लगता है कि उसके कुछ करने से भारत के रुख में तब्दीली आ जाएगी तो मैं उन्हें स्पष्ट कर दूं कि ऐसा कुछ भी नहीं होगा। म्यांमार के तनावपूर्ण हालात के बीच भारत को फ्री मूवमेंट रिजीम की समीक्षा करनी पड़ी।

# अडानी मुद्दे पर शरद पवार ने भी छोड़ा कांग्रेस का साथ, अकेले पड़े राहुल गांधी

## टीएमसी ने कहा-एक उद्योगपति पर चर्चा करने से ज्यादा कई अहम मुद्दे भी हैं

**मुंबई,**



अडानी मुद्दे पर कांग्रेस अब अकेली पड़ती नजर आ रही है। अब इंडिया गठबंधन के साथ शरद पवार की पार्टी ने भी इस मामले में बढ़ते अलगाव का संकेत दिया है। एनसीपी शरद पवार ने कहा कि संसद के समय का बेहतर उपयोग होगा अगर वह किसानों और युवाओं के मुद्दों पर चर्चा करे, न कि व्यापारी के साथ संबंधों की। कांग्रेस के सहयोगी टीएमसी, शिवसेना (यूबीटी) और समाजवादी पार्टी ने अभी तक इस मुद्दे से दूरी बना रखी है, केवल कांग्रेस ने संसद में विरोध प्रदर्शन किया है।

टीएमसी ने कहा है कि उद्योगपति गौतम अडानी पर चर्चा करने से ज्यादा महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। अब शरद पवार के भी कांग्रेस के से पल्ला झाड़ने के बाद कांग्रेस पर दबाव बढ़ सकता है और वह अडानी मुद्दे से पीछे हट सकती है। शुक्रवार को लोकसभा में संविधान को अपनाने के 75 साल पूरे होने पर बहस हुई थी। एनसीपी (एसपी) सांसद अमोल कोल्हे ने कहा कि संविधान ने संसद को संवैधानिक प्रणाली में प्रमुख स्थान दिया है। दुर्भाग्य से, कई बार हम अनुभव करते हैं कि इसे राजनीतिक युद्ध के मैदान में बदल दिया गया है। व्यक्तिगत टिप्पणियों के कारण संसद को कई बार स्थगित किया जाता है।

सांसाद कोल्हे ने कहा कि हमें इस बात की ज्यादा चिंता होनी चाहिए कि हमारे किसानों और युवाओं की आवाज यहां उठती है या नहीं, बल्कि एक राजनीतिक नेता का एक कॉरपोरेट के साथ क्या संबंध है, कौन सा नेता किसी के पलायन में कहां गया है, या किस विदेशी नेता ने एक स्थानीय नेता को चंदा दिया है। हम राष्ट्रीय हित के मुद्दों पर चर्चा चाहते हैं, न कि राजनीतिक नारों पर। यह कुछ ऐसा है जिससे सरकार और विपक्ष दोनों को अवगत होना चाहिए। सांसद सुप्रिया सुले जो कोल्हे के बगल में बैठी थीं, पूरे भाषण के दौरान अपनी सहमति जताती रहीं।

एनसीपी प्रमुख और महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार, शरद पवार के भतीजे ने हाल ही में कहा था कि पांच साल पहले अडानी ने बीजेपी और एनसीपी के बीच महाराष्ट्र सरकार गठन की बात करवाई थी। यह तब था जब 2019 में महाराष्ट्र चुनावों में गठबंधन की जीत के बाद शिवसेना के एनडीए से बाहर निकलने के बाद अजीत पवार ने देवेंद्र फडणवीस के साथ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी।

टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने बुधवार को संसद को बाधित करने के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों को जिम्मेदार ठहराया है। बनर्जी ने अडानी मुद्दे पर कांग्रेस के अटकने की आलोचना की थी। उन्होंने कहा कि हम यहां कुछ काम करने आए हैं। अडानी मुद्दा ही एकमात्र मुद्दा नहीं है। इतने सारे मुद्दे हैं। कांग्रेस अडानी से जुड़ी हुई है और बीजेपी जॉर्ज सोरोस से जुड़ी हुई है। क्या इसका मतलब यह है कि अन्य सभी मुद्दे दूर हो जाएंगे।

# अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर ऐसी बातें ना करें जिससे देश की छवि खराब हो

## -रिजिजू ने लोकसभा में अखिलेश और विपक्षी नेताओं को दी समझाइश

**नई दिल्ली,**

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को लोकसभा में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर कहा कि किसी को भी ऐसी बात नहीं करनी चाहिए जिससे देश की छवि धूमिल होती हो। उन्होंने अखिलेश यादव और अन्य सपा नेताओं से कहा कि पाकिस्तान और बांग्लादेश से भी अल्पसंख्यक भागकर भारत आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान की स्थिति क्या है, यह सबको मालूम है। उन्होंने सदन में भारत के संविधान की 75वीं वर्षगांठ की गौरवशाली यात्राह्व पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि भारत के संविधान में अल्पसंख्यकों के लिए जिस तरह के सुरक्षात्मक उपाय हैं, उतने किसी दूसरे देश में नहीं है। बता दें सदन में शुक्रवार को चर्चा में भाग लेते हुए समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव समेत कुछ विपक्षी सदस्यों ने देश में अल्पसंख्यकों के साथ भेदभाव होने का आरोप लगाया था।

रिजिजू के मुताबिक यूरोपीय संघ के देशों के एक वैश्विक सर्वेक्षण से पता चलता है इस क्षेत्र के देशों में 48 फीसदी लोग भेदभाव के शिकार हैं जिनमें से ज्यादातर मुस्लिम हैं। रिजिजू ने कहा कि आसपास के देशों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जुल्म होता है तो वो लोग सबसे पहले भारत में आते हैं। इसलिए आते हैं कि भारत सुरक्षित है। रिजिजू ने सवाल किया- ऐसा क्यों कहा जाता है कि अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए जिससे देश की छवि खराब होती हो। विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच रीजीजू ने अपने कामकाज की ओर इशारा करते हुए कहा कि मैं सीधा-साधा आदमी हूं...अगर मैं पसंद नहीं भी आता हूं तो भी आपको मुझे कुछ साल तो झेलना ही पड़ेगा। अगर आपको लगता है कि आप मेरे साथ काम नहीं कर सकते हैं तो पीएम को कहिए।

रिजिजू ने कहा कि बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर की बातों को गलत ढंग से पेश किया गया कि उन्होंने हिंदू धर्म को छोड़ा और अब हिंदू धर्म के खिलाफ लड़ना है।

# केंद्र नहीं दे रहा वायनाड को विशेष पैकेज, प्रियंका गांधी व विपक्षी सांसदों ने किया विरोध प्रदर्शन

**वायनाड,**




वायनाड सांसद प्रियंका गांधी समेत केरल के विपक्षी सांसदों ने शनिवार को वित्तीय मांग को लेकर संसद के मकर द्वार पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रियंका ने कहा कि केंद्र सरकार वायनाड को विशेष पैकेज देने से इनकार कर रही है। हमने गृहमंत्री से अनुरोध किया है, हमने पीएम को लिखा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में भी इस तरह बड़े पैमाने पर तबाही देखी गई है और वहां कांग्रेस की सरकार है। वे केंद्र से मदद मांग रहे हैं और फिर भी दोनों मामलों में केंद्र सरकार राजनीति के कारण पीड़ितों को उनका हक नहीं दे रही है।

प्रियंका गांधी ने कहा कि वे भारत के नागरिक हैं। प्राकृतिक आपदाओं के दौरान कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। केरल आपदा के बाद के हालात से निपटने के लिए केंद्र से मदद मांग रहा है। राज्य को एक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि रक्षा मंत्रालय ने राज्य से हेलीकॉप्टर बचाव कार्यों और अन्य सेवाओं के लिए भुगतान करने को कहा है। इससे पहले बाढ़ से अस्त-व्यस्त हो चुके केरल के वायनाड को लेकर गृह मंत्री से प्रियंका गांधी ने मुलाकात की थी।

प्रियंका ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को ज्ञापन दिया है। वायनाड में में तबाही खत्म हो गई है। जो लोग प्रभावित हुए हैं उन्होंने अपना सब कुछ खो दिया है। ऐसे में अगर केंद्र कोई कदम नहीं उठा सकता तो इससे पूरे देश और खासकर पीड़ितों में बहुत बुरा संदेश जाएगा। पीएम ने दौरा कर पीड़ितों से मुलाकात की थी। इसके बाद जब मैं पीड़ितों से मिली तो उन्होंने उम्मीद जताई कि शायद उन्हें कुछ राहत मिलेगी। प्रियंका ने गृहमंत्री अमित शाह से वायनाड के लिए 2221 करोड़ का रिलीफ फंड जारी करने की मांग की है। उन्होंने आगे कहा कि अब चार महीने बीत चुके हैं और वह राहत नहीं मिल रही है।

# हमारी फिल्म इंडस्ट्री अनाथ है, इसे गाइडेंस की जरूरत

### अभिनेत्री कंगना ने पीएम मोदी के बॉलीवुड सेलेब्स से मुलाकात पर रखी राय

**मुंबई,**

बॉलीवुड इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री कंगना रनौत, एजेंडा आजतक 2024 में आईं। कंगना ने जून 2024 में भाजपा से हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा सीट जीती थी। कंगना अब फिल्मों से ज्यादा जनता के लिए काम कर रही हैं। कंगना ने पीएम मोदी के बॉलीवुड सेलेब्स से मिलने और उनसे बातचीत पर अपनी राय रखी। कंगना ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी जो फिल्म इंडस्ट्री है, इसे गाइडेंस की जरूरत है। ये सॉफ्ट पावर है और ये अंडरयूटिलाइज्ड है। आज पीएम मोदी या हमारे और भी मार्गदर्शक हो या फिर इन्फॉर्मेशन ब्रॉडकास्ट मिनिस्ट्री हो या और भी कार्यक्रम हों, मैं भी 20 सालों से इंडस्ट्री का हिस्सा हूं। मुझे लगता है कि ये इंडस्ट्री एकदम अनाथ टाइप है, क्योंकि उनके पास गाइडेंस नहीं है। चाहे वह जिहादी एजेंडाज हों, चाहे फिलिस्तीनी एजेंडा हों, उन्हें कोई भी कैप्चर कर लेता है। उनका कोई मार्गदर्शन है ही नहीं, उन्हें पता ही नहीं कि कहां जाना है।

थोड़े पैसे दिए, उनसे कहीं भी कुछ भी बुलवा लिया। उनको दाऊद ले जाता है अपनी पार्टियों में। उनको कई बार हवाला-ड्रग्स के निशाने में आ जाते हैं। काफी वल्नरेबल हैं। उनको दयित्व देना। उनका मिलना उनको भी लगे कि हां, हमें पीएम मिलते हैं। हमारा काम देखते हैं। हमारे बारे में सोचते हैं। वहां पर इस तरह की बातें नहीं होतीं। उनका लगता है कि हम कुछ भी करेंगे। हम लोग जाकर, गैंगस्टर्स की पार्टियों में डांस करेंगे। उनको लगता है कि हम लोगों को कोई नहीं देख रहा है।

# पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी, पंजाब, दिल्ली और यूपी में शीतलहर का कहर

## राजस्थान के सीकर जिले में रात का तापमान 0.1 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली**



पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी है। इसका असर मैदानी इलाकों में दिखाई देने लगा है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और यूपी में शीतलहर चल रही है। दिल्ली में शुक्रवार को पारा न्यूनतम 4.2 डिग्री पहुंच गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर भारत में शीतलहर जारी रहेगी। ठंड और बढ़ सकती है। वहीं तमिलनाडु, कर्नाटक और आंध्र प्रदेश में बारिश का अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली में पारा लगातार गिर रहा है। अनुमान के मुताबिक शनिवार को मौसम और ज्यादा ठंडा रहेगा और पारा 4 डिग्री तक लुढ़क सकता है। गुरुवार को बीते तीन साल में दिसंबर का सबसे ठंडा दिन रहा था। इसके अलावा सुबह-सुबह कोहरे की चादर भी बिछी रही। दिल्ली और एनसीआर में गुनगुनी धूप से लोगों को दिन में राहत मिल सकती है।

मौसम विभाग का कहना है कि उत्तर भारत में शीतलहर चलती रहेगी। इसके अलावा बिहार, यूपी, झारखंड और मध्य प्रदेश में भी शीतलहर का प्रकोप रहेगा। लोगों को ठंड से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। उधर पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी जारी है। कश्मीर के पुलवामा, बारामूला, अनंतनाग, बांदीपोरा में बर्फबारी दर्ज की गई। इसके अलावा जोजिला दर्रा, शिमला, मसूरी में भी हल्की बर्फबारी हुई। बर्फबारी से लेह-श्रीनगर मार्ग बंद कर दिया गया है। राजस्थान में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सीकर जिले में रात का तापमान 0.1 डिग्री पहुंच गया। वहीं कई जगहों पर रात का तापमान जमाव बिंदु तक पहुंच गया। हरियाणा में शनिवार को तापमान 2 डिग्री तक नीचे जा सकता है। चंडीगढ़ में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री तक जा सकता है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और पश्चिमी यूपी में पाला पड़ने की भी संभावना है। स्काईमेट के मुतबिक दक्षिण के राज्यों में अगले 24 घंटे के दौरान बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक के कुछ जिलों में हल्की बारिश हो सकती है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, लक्षद्वीप और अंडमान-नीकोबार में भी हल्की बारिश हो सकती है।

## संपादकीय

### शतरंज का बादशाह

भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर गुकेश डी का वर्ल्ड चैंपियन बनना हर भारतीय को उल्लास से भर गया। वजह है कि वह दुनिया में सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। जो बताता है कि भारत अब शतरंज के ग्रैंड मास्टरों की खान बनता जा रहा है। वीरवार को उसने सिंगापुर में खेली गई विश्व चैंपियनशिप की 14वीं अंतिम बाजी में चीन के ग्रैंडमास्टर डिंग लिझेन को हराया। बचपन में किसी पत्रकार ने उनसे पूछा था कि उनका सपना क्या है तो बालक गुकेश ने दो टूक शब्दों में कहा था कि मैं विश्व चैंपियन बनना चाहता हूं। यह तो तय था कि वे विश्व चैंपियन बनेंगे, लेकिन इतनी जल्दी बनेंगे यह उम्मीद उनके अलावा किसी को नहीं थी। विश्वनाथन भी विश्व चैंपियन बने मगर वे 31 साल की उम्र में यह करिश्मा दिखा पाए। यही वजह है कि 14वीं व अंतिम बाजी जीतने के बाद वे भाव-विभोर होकर अपनी अप्रत्याशित जीत के बाद खुशी से सार्वजनिक रूप से रो पड़े। बेहद सहज व सरल स्वभाव के गुकेश का बड़प्पन देखिए कि इस बड़ी जीत के बावजूद उन्होंने कहा कि हारने वाले डिंग दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। बहरहाल, आज गुकेश निर्विवाद रूप से शतरंज के बादशाह हैं। उनकी साधना ने सफलता की नई इबारत लिखी है। उनकी सफलता के पीछे उनके परिवार का भरपूर संबल रहा। यहां तक कि बेटे की सुनहरी कामयाबी के लिये पिता ने अपना कैरियर तक दांव पर लगा दिया। वैसे सिंगापुर में तेरह दिसंबर तक चलने वाली चेस चैंपियनशिप का एक सुखद पहलू यह भी है कि शतरंज में एशिया का वर्चस्व नजर आया। यह इस विश्वस्पर्धा के 138 साल के इतिहास में पहली बार हुआ कि दो एशियाई शतरंज के माहिर खिताबी जीत के लिये मुकाबला कर रहे थे। वहीं मुकाबला इतना कड़ा था कि गुकेश डी और पूर्व चैंपियन डिंग के बीच तेरह मुकाबलों तक बाजी बराबरी पर छूटी। जिससे शतरंज प्रेमियों में खेल का रोमांच बराबर बना रहा। बहरहाल, इस कड़े मुकाबले का निष्कर्ष यह है कि इस मुकाबले के बाद गुकेश शतरंज की दुनिया के बेताज बादशाह बन गए हैं। उन अंतर्राष्ट्रीय माहिरों को मुंह की खानी पड़ी जो कुछ राउंड के बाद गुकेश को कमतर आंक रहे थे। वैसे पूर्व विश्व चैंपियन आनंद ने इस मुकाबले को जटिल व कठिन बताया था। बहरहाल, चेन्नई के गुकेश डी की इस कामयाबी ने एक संकेत यह दिया कि चेन्नई देश को लगातार विश्वस्तरीय ग्रैंडमास्टर दे रहा है। यहां तक कि कई चैंपियन देने वाले चेन्नई को भारत की शतरंज की राजधानी तक कहा जाने लगा है। इस बात की पुष्टि इससे भी होती है कि गुकेश के परिवार में कभी किसी ने शतरंज नहीं खेला। उनके खेल के प्रति जुनून ने ही उन्हें विश्व चैंपियन बनाया है। यहां तक कि स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने ग्रैंड मास्टर का खिताब हासिल कर लिया था। वे 2019 में भारत के सबसे कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बनने वाले मोहरों के माहिर थे। कालांतर उनकी प्रतिभा निखारने के लिये पिता ने उन्हें पर्याप्त प्रशिक्षण दिलाया। उनके प्रशिक्षकों ने उनकी प्रतिभा को पहचानते हुए उन पर विशेष ध्यान दिया। परिवार व स्कूल के संबल से प्रतिभा निखरी। वर्ष 2015 में राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीतने से कामयाबी का जो सिलसिला शुरू हुआ, वह आज विश्व चैंपियनशिप जीतने के मुकाम तक जा पहुंचा है। वैसे वे इससे पहले कॉमनवेल्थ चेस चैंपियनशिप में गोल्ड, स्पेन में संपन्न अंडर-12 चैंपियनशिप, यूरोपियन चेस क्लब कप के अलावा कई ओपन टाइटल समेत कई खिताब भी जीत चुके हैं। निस्संदेह, इस शिखर की कामयाबी में जहां गुकेश की कड़ी मेहनत, एकाग्रता व जुनून शामिल है, वहीं सर्जन पिता डॉ.रजनीकांत के त्याग का भी बड़ा योगदान है, जिन्होंने अपना कैरियर ही बेटे के भविष्य के लिये छोड़ दिया था। वहीं गुकेश के कैरियर को बुलंदियों तक पहुंचाने में योग का भी योगदान है, जिसने उन्हें गहरी एकाग्रता दी है। एक अंतर्राष्ट्रीय चैनल से भेटवार्ता में उन्होंने स्वीकार किया था कि योगाभ्यास ने उनकी एकाग्रता को संबल देकर मानसिक रूप से मजबूत बनाया है। जिससे किसी भी असफलता से वे जल्दी ही उबर जाते हैं। बहरहाल, देश को उनसे और बड़ी कामयाबी की उम्मीदे हैं।

## (चिंतन-मनन)

### बाहरी विकार

एक व्यक्ति संन्यासी के पास पहुंचा और बोला, बाबाजी! मुझे परमात्मा से मिला दो। संन्यासी ने बात टालनी चाही। लेकिन वह अपनी बात पर अड़ा रहा। संन्यासी ने उसकी भावना परखने की दृष्टि से कहा, भगवान से मिलना है तो कल आना होगा। दूसरे दिन फिर यही उत्तर मिला। लेकिन वह निराश नहीं हुआ, निरन्तर आता रहा। संन्यासी ने देखा,इसे शब्दों से समझाना कठिन है। आखिर उसे एक युक्ति सूझी। कहा, परमात्मा से मिलने के लिए तो ऊपर चढ़ना होगा। उसने स्वीकृति दे दी। संन्यासी ने उसके सिर पर पांच बड़े-बड़े पत्थर रखे और पहाड़ की चढ़ाई पर चढ़ने के लिए कहा। दो चार कदम चला होगा कि उसकी सांस फूलने लगी और वह वहीं रूक गया। संन्यासी बोले, यहां बैठने से भगवान नहीं मिलेंगे। वह साहस बटोरकर चला, लेकिन असफल रहा। संन्यासी ने उसके सिर पर से एक पत्थर उतार दिया। वह कुछ दूर चला फिर रूक गया। चलते-चलते पांचों पत्थर नीचे गिरा दिए गए। वह पहाड़ की चोटी पर पहुंच गया। संन्यासी- जब तक तुम्हारे सिर पर पत्थर थे, तुम चल नहीं सके और हल्के होकर चोटी तक पहुंच गए। इन बाहरी पत्थरों में भी इतनी शक्ति है तो हमारे भीतर काम, प्रोध, मद, लोभ और भय रूप जो पांच बड़े-बड़े पत्थर हैं,

# दिल्ली की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा?

**–ललित गर्ग–**

दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए फरवरी 2025 या उससे पहले चुनाव होने की संभावनाओं को देखते हुए राजनीतिक हलचलें एवं सरगर्मियां उग्र हो गयी है। इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटने की तैयारी में जुट गई है। वहीं, भाजपा और कांग्रेस इस बार सत्ता में वापसी की तैयारी में जुटी है। भाजपा दिल्ली विधानसभा चुनाव दूसरे प्रांतों की ही भांति बिना किसी मुख्यमंत्री चेहरे के लड़ने का मन बना चुकी है और केंद्र सरकार की योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी का मानना है कि लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से प्रभावित हो सकते हैं। दिल्ली में भाजपा के पास एक से एक मजबूत नेता हैं, लेकिन इनमें से कोई भी नेता मुख्यमंत्री के रूप में पार्टी के लिए पेश नहीं किया जा रहा है। भाजपा दिल्ली में अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए नए तरीके से चुनावी तैयारियों में जुट चुकी है, वही कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को हासिल करने के लिये जद्दोजहद करती हुई दिखाई दे रही है। निश्चित ही इस बार का दिल्ली चुनाव आक्रामक एवं संघर्षपूर्ण त्रिकोणात्मक होगा। आप, कांग्रेस एवं भाजपा की चुनावी जंग में कौन सत्ता का ताज पहनेगा, यह भविष्य के गर्भ है। दिल्ली में भाजपा के लिए यह चुनाव चुनौतीपूर्ण होने के साथ संघर्षपूर्ण भी है। 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में, जहां पार्टी को शानदार प्रदर्शन की उम्मीद थी, उसे आम आदमी पार्टी से हार का सामना करना पड़ा। तब भाजपा को दिल्ली में मुख्यमंत्री का चेहरा प्रस्तुत करने से कोई बड़ा लाभ नहीं हुआ। इसके बजाए, भाजपा अब चुनावी रणनीतियों में बदलाव कर रही है और अपनी शक्ति को पार्टी संगठन और नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनकी लोककल्याणकारी योजनाओं के बल पर मजबूत करने का प्रयास कर रही है। यही कारण है कि दिल्ली भाजपा आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में केंद्र सरकार के काम और योजनाओं को जनता के बीच रखेगी। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि दिल्ली के लोग इससे ज्यादा प्रभावित हो सकते हैं, खासकर जब बात विकास, सुरक्षा, चिकित्सा और शिक्षा जैसे मुद्दों की हो। अगर भाजपा बिना किसी प्रमुख चेहरे के चुनाव लड़ती है तो यह असमंजस की स्थिति बनने की संभावनाएं तो पैदा कर ही सकती हैं। दूसरी ओर, यह फैसला एक रणनीतिक कदम हो सकता है, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिष्ठा का इस्तेमाल करके अन्य प्रांतों की भांति दिल्ली में भी चमत्कार घटित हो सकता है। भाजपा ने यह भी तय किया है कि दिल्ली की जनता को बताया जाएगा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने उनके साथ वादाखिलाफी की है, वे बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा और सड़कों की स्थिति में सुधार का वादा करके उन्हें जर्जर करते रहे हैं। भाजपा का मानना है कि मोदी सरकार की योजनाएं देशभर में सफलता प्राप्त कर रही हैं और इन्हें दिल्ली में लागू किया जाएगा। भाजपा को दिल्ली में हमेशा मिडिल और हाई मिडिल क्लास के लोगों की पार्टी माना जाता है। इसमें व्यापारिक समुदाय इसके कट्टर समर्थक हैं। लेकिन इस बार निचले तबको एवं गरीब लोगों के बीच उसे प्रभावी प्रयास करने होंगे। यह तो दिखता हुआ सच है कि दिल्ली में आप शासन में विकास अवरूद्ध हुआ है, पर्यावरण की समस्या उग्रतर हुई है, आप नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे एवं उनके नेता जेल यात्राएं की है। ऐसे अनेक गंभीर आरोपों के साथ भाजपा आप और उसके नेताओं पर आक्रमक होकर चुनावी परिदृश्यों को बदल सकती है। भाजपा ने कमर कस ली है और उसके नेता लगातार जनता के बीच जाकर बदलाव की अपील कर रहे है। इसके तहत इन दिनों जहां परिवर्तन सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, वहीं अगले हफ्ते से पूरी दिल्ली में परिवर्तन यात्राएं भी निकाली जाएंगी। इन यात्राओं के माध्यम से आम मतदाताओं से निजी तौर पर मिलते हुए, उनसे बात करते हुए उनको पार्टी के साथ जोड़ा जायेगा। उनके दुःख-दर्द को सुना जायेगा। भाजपा का इतिहास रहा है कि वह आम जन तक पहुंचने के लिए ऐसी यात्राएं निकालती रही है एवं व्यक्तिगत संवाद स्थापित करती रही है। भाजपा नेता सतीश उपाध्याय ने कहा कि दिल्ली में एक भ्रष्ट सरकार चल रही है लेकिन अब तो रंगदारी, वसूली, फिरौती और आम नागरिकों के बीच डर पैदा करने की भी कोशिश की जा रही है। इसके चलते दिल्ली की जनता अब सत्ता परिवर्तन के मूड में है और देशविरोधी मानसिकता वाली सरकार को इस बार विधानसभा से उखाड़ फेंकने का मन बना चुकी है। देखना है कि भाजपा के इन आरोपों का जनता पर कितना असर होता है। निश्चित ही दिल्ली में आम आदमी पार्टी की जमीन अभी भी मजबूत है। इसीलिये 2025 के चुनाव कांग्रेस एवं भाजपा के लिये चुनौतीपूर्ण होने वाले है। 2020 में हुआ विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने 62 सीटें जीती थीं। वहीं भाजपा को महज 8 सीटों पर जीत मिली थी। कांग्रेस का लगातार दूसरी बार दिल्ली से सफाया हो गया था। इस बार के चुनाव से पहले अरविंद केजरीवाल ने अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। उसके बाद आतिशी मालेर्ना राज्य की मुख्यमंत्री बनी हैं। आप नेताओं ने चुनाव अभियान प्रारंभ कर दिया है। दिल्ली में आगामी विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस के साथ गठबंधन न करने का फैसला किया है। आप ने पिछले दो विधानसभा चुनावों में भारी अंतर से जीत हासिल की है। आप के आंतरिक सर्वेक्षण बताते हैं कि आप इस चुनाव में भी आसानी से जीत की ओर बढ़ रही हैं। इन स्थितियों में आप क्यों कांग्रेस या अन्य पार्टी के साथ गठबंधन करें? आप अभी भी निम्न-मध्यम वर्ग और झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों में काफी लोकप्रिय है।

आप का वोट शेयर पहले की तुलना में बढ़ा है और कांग्रेस कमजोर हुई है। हालांकि, 2013 में अपने पहले चुनाव के बाद से आप का वोट शेयर लगातार बढ़ता रहा। जबकि पिछले दशक में कांग्रेस को वोट देने वालों की संख्या में काफी कमी आई है। आप ने 2013 में अपने आश्चर्यजनक प्रदर्शन के साथ, कुल मतदान का 29 प्रतिशत वोट प्राप्त किया था। पार्टी को 70 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। आप ने कांग्रेस के वोट बैंक में सेंध लगाई थी। इससे कांग्रेस का वोट शेयर घटकर 24.5 प्रतिशत और सिर्फ आठ सीटों के साथ तीसरे स्थान पर आ गई थी। इसके बाद 2015 और 2020 के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का वोट शेयर क्रमशः 9.7 प्रतिशत और 4.3 प्रतिशत तक गिर गया। वहीं, आप ने 54.6 प्रतिशत और 53.6 प्रतिशत वोट शेयर के साथ भारी जनादेश हासिल किया। लेकिन इस बार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं आप के बीच गठबंधन न होने का फायदा भाजपा को मिलता हुआ दिख रहा है। असल में आप के वोट कांग्रेस ही काटेगी। कांग्रेस एक पुरानी राजनीतिक पार्टी है, जिसका दिल्ली में व्यापक जनाधार रहा है। लेकिन वह जीत और गठबंधन की मृगमरीचिका में भटकती रही है, अपनी स्वतंत्र पहचान को खोती रही है। आखिर कमजोर सियासी बैशाखियों के सहारे वह कैसे जीत को सुनिश्चित कर सकती है? कांग्रेस की एक ओर बड़ी विडम्बना है कि वह जरूरी मुद्दों को उठाने की बजाय मोदी-विरोध का ही राग अलापती रही है। मुद्दों के बियाबान में भटकती और फिर स्टैंड बदलती नजर आती है तो इसके केन्द्रीय नेतृत्व एवं रणनीतिकारों पर तरस आती है। जबकि कांग्रेस के जमीनी नेताओं के पास रणनीति और जनाधार दोनों है, इसलिए उसके जमीनी नेता व्यक्तिवादी मिशन में सफल रहे, लेकिन कांग्रेस दिन ब दिन डूबती चली गई। राजनीतिक परिस्थिति वश कभी दो डग आगे तो चार कदम पीछे चलने को अभिशप्त हो गई। इन स्थितियों में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस कोई करिश्मा या चमत्कार कर पायेगी, इसमें संदेह ही है।

**(लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)**

# सुशासन के संकल्प को साकार करती मोहन सरकार

**–हर्षवर्धन पाण्डे–**

शासन की संपूर्ण व्यवस्थाओं में जनता के प्रति जवाबदेही, पारदर्शिता और सेवा-भाव से सभी को समर्पित कार्यप्रणाली सुनिश्चित करना सुशासन का मूलमंत्र है। इसी परंपरा का निर्वहन करते हुए डॉ. मोहन यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में मध्य प्रदेश भी हर दिन सुशासन के नए अध्याय लिख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 13 दिसम्बर 2023 को प्रदेश की बागडोर संभाली। उनके बागडोर संभालते ही प्रदेश में सुशासन का सूर्यादय हुआ है। प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास के मूलमंत्र को लेकर आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में एक साल की अल्पावधि में कई जनहितकारी फैसलों से समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं।

मोहन सरकार की मजबूत इच्छाशक्ति का प्रतिफल है कि आज प्रदेश के हर कोने में सरकार की लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। इसका मुख्य कारण स्वच्छ और ईमानदार प्रशासन और सरकारी काम-काज में पारदर्शिता लाना रहा है। आम आदमी की जिंदगी में बदलाव लाना मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मुख्य उद्देश्य है। एक साल के छोटे से कार्यकाल में मोहन सरकार ने जनता से किए गए वादे पूर्ण करने की दिशा में कई ठोस कदम उठाए हैं जिसके कारण प्रदेश में विकास का नया दौर शुरू हुआ है। सेवा, सुशासन, सुरक्षा एवं विकास के संकल्प को लेकर प्रदेश सरकार जनता की सेवा में दिन-रात लगी हुई है। मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव ने अपने एक के छोटे से कार्यकाल में अपने काम से न केवल जनता का दिल जीता है बल्कि अपने सख्त निर्णयों के माध्यम से राष्ट्रीय नेतृत्व के सामने भी अपनी अलहदा पहचान बनाने में सफलता पाई है। उन्होनें योग्य अफसरों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां देकर अपने बुलंद इरादों को सभी के सामने जताया है। इस एक साल के छोटे से कार्यकाल में उन्होनें अपनी खुद की नई टीम बनाई और सीएम आवास से लेकर मंत्रालय, संभाग और जिलों में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी करने से भी परहेज नहीं किया। हर समय एक्शन में रहने वाले डा. मोहन यादव के तेवरों को देखकर आज प्रदेश में नौकरशाही के चेहरा पूरी तरह से बदल चुका है।

सीएम की कमान संभालने के साथ ही उन्होंने हर किसी अधिकारी के ट्रैक रिकार्ड को न केवल खंगाला बल्कि कार्यक्षमताओं के अनुरूप सभी को नए कार्यों का प्रभार सौंपा। खास बात ये है मोहन सरकार में बेलगाम नौकरशाही पर भी नकेल कसी गई है जिस कारण मध्यप्रदेश का डबल इंजन विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नए मुखिया की तीव्र गति से निर्णय लेने की क्षमताओं से मध्यप्रदेश में एक बदलाव की नई बयार चली है। नई विकेन्द्रीकरण की व्यवस्था होने से अब प्रदेश के विकास कार्यों में न केवल तेजी आयी है बल्कि समय -समय पर मॉनीटरिंग किये जाने से जनता के हित में तेजी से निर्णय लिये जा रहे हैं। यही कारण है आज प्रदेश में देश और विदेश के निवेशक भी अपनी रूचि दिखा रहे हैं।

साइबर तहसील डिजिटल इंडिया की दिशा में प्रदेश के नागरिकों को सुविधा प्रदान करने की दिशा में की गई बड़ी पहल है। इसके जरिए लोगों को कई कामों को करने में आसानी हुई है। भूमि खरीदी और बिक्री के बाद आने वाली कठिनाइयों को साइबर तहसील के जरिये काफी आसान कर दिया गया है। संपदा 2.0 के तहत सॉफ्टवेयर सिस्टम का डिजिटलाइजेशन किया गया है। डिजिटलाइजेशन के माध्यम से राजस्व प्रक्रिया का सरलीकरण हुआ है। साइबर तहसील परियोजना को प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू किया गया है। इससे लोगों को अनावश्यक भागदौड़ से निजात मिल रही है और समय की भी बचत हो रही है। साइबर तहसील खोले जाने का सबसे प्रमुख उद्देश्य सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और लोगों को सुविधा पहुंचाना है। साइबर तहसील में सार्वजनिक नोटिस की प्रक्रिया को भी सरल किया गया है। विभिन्न राजस्व प्रकरणों का ऑनलाइन निराकरण साइबर तहसील के माध्यम से प्रदेश में अब संभव हो रहा है। ऐसी पहल करने वाला देश का पहला राज्य मध्यप्रदेश बना है। मध्यप्रदेश में राजस्व प्रकरणों का समाधान करने राजस्व महाअभियान बड़े स्तर पर सरकार ने शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम में राज्य स्तर पर विभिन्न कामों को तत्काल प्रभाव से पूरा किया गया जिसमें भू-अभिलेखों का शुद्धीकरण, लंबित राजस्व मामलों का निपटाना और डिजिटल क्रॉप सर्वे, पीएम किसान योजना का लाभ, फॉर्मर आईडी आदि भी शामिल रहा। राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख त्रुटियों को ठीक करने के लिए राजस्व महाअभियान-2.0 18 जुलाई से 31 अगस्त तक चलाया गया जिसमें बहुत कम समय में ही 50 लाख से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ है जो प्रदेश में एक बड़ा कीर्तिमान है। राजस्व महा-अभियान 3.0 को 15 नवम्बर से 26 जनवरी तक चलाने के निर्देश दिये हैं जिसमें अभी तक 80 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण हो गया है।

मध्यप्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना के हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने की दिशा में सरकार ने स्मार्ट पीडीएस राशन योजना शुरू की है। इस योजना के प्रदेश में करीब 5 करोड़ से अधिक हितग्राहियों को निशुल्क खाद्यान्न दिया जा रहा है। स्मार्ट-पीडीएस स्कीम के तहत लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत 8.35 करोड़ रुपए 3 वर्ष में खर्च किए जाएंगे। इससे सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन के क्रियान्वयन, विस्तार एवं संधारण, डेटाबेस में भिन्नता, डेटा रिकवरी एवं साइबर सुरक्षा संबंधी कठिनाइयों का निराकरण होगा। प्रदेश में सरकार ने अपने कड़े फैसले में विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित और अनियमित प्रयोग को प्रतिबंधित किया है साथ ही खुले में मांस बेचने को भी प्रतिबंधित किया है।

डिजिटल इंडिया के बढ़ते कदम के तहत प्रदेश सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया। पहले क्लाउड सेवाओं के लिए निजी व अन्य सरकारी कंपनियों को भारी भरकम राशि अदा की जाती थी लेकिन इस नीति को मंजूरी मिलने के बाद क्लाउड सेवाओं के लिए बाहर की किसी कंपनी को अलग से धन नहीं देना होगा। प्रदेश सरकार ने अपनी क्लाउड पॉलिसी-2024 के तहत डेटा सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है जिसमें सभी का सरकारी डेटा रखा जा सकेगा। इस निर्णय से म.प्र. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के माध्यम से केंद्रीयकृत रूप से विभागों को क्लाउड सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी एवं क्लाउड सेवाओं के भुगतान के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग को बजट उपलब्ध कराया जाएगा।

प्रदेश सरकार के प्रयासों से प्रदेश में लगातार निवेश बढ़ रहा है। आज उद्योग, व्यापार, व्यवसाय की दृष्टि से मध्यप्रदेश में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण बना है। एनर्जी, टूरिज्म, हेल्थ, माइनिंग, फिल्म, तकनीक जैसे सभी सेक्टर में देश और दुनिया के निवेशक प्रदेश में रूचि दिखा रहे हैं। राज्य सरकार ने बजट में भी उद्योग-व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए पहली बार उचित प्रावधान किए हैं जिसके चलते एमपी की तरफ निवेशक तेजी से आकर्षित हो रहे हैं पिछले दिनों मुख्यमंत्री डॉ. यादव की लंदन, जर्मनी की विदेश यात्रा भी निवेश की दृष्टि से अहम रही। इन सभी यात्राओं से सेमीकंडक्टर और सौर ऊर्जा में 25, 150 करोड़ का निवेश आया है। सौर ऊर्जा सेक्टर में 150 करोड़ रुपए, मॉड्यूलर हाउसिंग प्रोजेक्ट में 1 हजार करोड़, आईटी सेक्टर में 1100 करोड़ का प्रस्ताव सरकार को मिले हैं।

# वाक पटु एवं कुशल वक्ता थे सरदार वल्लभ भाई पटेल

**–मुकेश तिवारी–**

सरदार वल्लभभाई पटेल एक ऐसी शख्सियत थे। जिन्होंने सिर्फ संकल्प शक्ति और मेहनत के बलबूते पर वो मुकाम बनाया जिसे किसी के लिए भी छू पाना मुमकिन नहीं है। उनकी असाधारण काबिलियत ही थी कि एक साथ 562 रियासतों का एकीकरण करके उन्होंने मिसाल कायम की। इस वजह से ही उन्हें आधुनिक भारत का चाणक्य माना जाता है।

सरदार वल्लभभाई पटेल का जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नाडियाद ग्राम में हुआ था। इनके पिता का नाम झवेर भाई और मां का नाम लाड बाई था। झबेर भाई मूलत बोरसद इलाके के करमसद गांव के र थे और खेती किसानी किया करते थे। बल्लभ भाई सहित झवेर भाई के छ संताने थी। वल्लभभाई का बचपन माता पिता के साथ गांव में ही बीता यही पर इनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई। इसके पश्चात माध्यमिक स्तर की शिक्षा उन्होंने नडियाद वह बड़ौदा से पूर्ण की।

वल्लभभाई का बाल्यकाल माता - पिता के साथ गांव में ही गुजरा तथा यही पर इनकी प्रारंभिक शिक्षा हुई। इसके पश्चात माध्यमिक स्तर की शिक्षा इन्होने नडियाद व बडौदा से पूरी की।

वल्लभभाई के पिता झबेर भाई बड़े साहसी। संयमी और साहसी पुरुष थे। 1857 की क्रांति के समय घर वालों को बिना बताए तीन बताए तीन वर्ष तक घर से नदारद रहे। वही झांसी की महारानी लक्ष्मीबाई और नाना साहिब घोड़ोंपंत की सेना में भर्ती हुए। उन्होंने समस्त उत्तरी भारत का भ्रमण किया तथा स्वतंत्रता के लिए अनेक मर्तबा ब्रिटिश सेना के साथ युद्ध किया। पिता के संयम। साहस, वीरता और राष्ट्र भक्ति के गुण वल्लभभाई को संस्कार में प्राप्त हुए थे। वे बाल्यकाल से ही वक्त के अधिकतम उपयोग तथा अपने दायित्व के प्रति हर पल समर्पित रहते थे। राजनीति में दाखिल होने के पश्चात इन गुणों ने ही वल्लभभाई को हिन्दुस्तान के बिखरे हुए स्वरूप को एक सूत्र में पिरोने के लिए प्रेरित किया। उनकी दृढ निर्णय की प्रवृत्ति ने ही उन्हें लौह पुरुष कहलाने का सम्मान प्रदान किया तथा योग्य नेतृत्व के गुणों ने सरदार की पदवी से विभूषित करवाया। वल्लभभाई का विधार्थी जीवन अत्यंत परिश्रमी। उज्जवल एवं नैतिकता से पूर्ण रहा। इस स्तर पर ही उनमें भावी जीवन के शुभ लक्षण दिखाई देने लगे थे। वे नाडियाद में अध्ययनरत थे तभी उन्होंने विधालय की अव्यवस्थाओं के लिए आंदोलन किया। यहां स्कूल का एक शिक्षक पुस्तकों का व्यापार करता था तथा सभी शिक्षक उससे ही पुस्तक खरीदने के लिए विधार्थियों को बाध्य करते थे। बल्लभ भाई को शिक्षकों की यह बात उचित नहीं लगी। पटेल ने इसे नैतिकता का हनन मानकर विरोध स्वरूप आंदोलन प्रारंभ कर दिया। अंततः शिक्षकों को झुकना पड़ा। यह उनकी नैतिक सदप्रवृति का बेहतरीन उदाहरण था। अन्याय के प्रति संगठित विरोध की यह शुरूआत थी। बडौदा में आकर वल्लभभाई ने गुजराती विषय लिया। यहां छोटे लाल गुजराती पढ़ाते थे। मगर वे संस्कृत के प्रति अधिक समर्पत थे। हालांकि संस्कृत नं पढ़ने वाले विधार्थियों को छोटे लाल कतई पसंद नहीं करते थे। पटेल जी ने भी संस्कृत नहीं ली थी अतः वे उनसे नाराज रहने लगे थे।

वल्लभभाई का अडिग व्यक्तित्व गलत बातों को कभी भी स्वीकार नहीं कर सका। अल्प समय बाद ही एक

अन्य अध्यापक से उनका विवाद हो गया अतः, पटेल को स्कूल से निकाल दिया गया।

पटेल पुन नाडियाद आ गए। सत्य पर अडिग रहने तथा अन्याय का हर हाल में विरोध करने की उनकी बचपन की प्रवृत्ति ही भविष्य में हिंदुस्तान को एकजुट करने का पूर्वाभ्यास सिद्ध हुई।

वैसे भी सरदार वल्लभभाई पटेल का कहना था कि एकता के बिना जनशकित तब तक एक ताकत नहीं बन सकती। जब तक उसे एकजुट कर सामंजस्य में न लाया जाये। तब यह एक आध्यात्मिक शक्ति बन जाती है। पटेल जी के व्यक्तित्व में दब्बूपन व दूसरों पर आश्रित रहने के भाव का समावेश कभी नहीं था। वे सदैव स्वतंत्र भाव से नैतिकता की रक्षा करते रहे। अपनी कबलियत, व्यवहार, वाक चातुर्य पर उन्हें पूरा भरोसा था। अपने इन्हीं गुणों के कारण गोधरा में वकालत करते वक्त ही उन्होंने खूब ख्याल अजिर्त कि वह हत्या जैसे संगीन मामलों में भी अपने तर्कों से सदैव प्रभावी बने रहते तथा लगभग प्रत्येक मामले में जीतते थे।

जुलाई 1917 में बल्लभ भाई गुजरात क्लब के सेक्रेटरी चुने गए इन दिनों गांधीजी बिहार के चंपारण जिले में नील की खेती के अंग्रेज ठेकेदारों और जमीदारों द्वारा शोषित कृषकों के लिए गांव-गांव घूमकर उनके अधिकारों के लिए लड़ रहे थे। उनके इस कार्य का देशव्यापी प्रभाव पड़ रहा था। गांधी जी ने मोतिहारी में चंपारण के चले जाने संबंधी मजिस्ट्रेट का आदेश मानने से दो टूक शब्दों में मना कर दिया और अपना काम जारी रखा। उन पर मुकदमा चला और इस मुकदमे में गांधीजी के बयान से देश भर में हड़कंप मच गया।

वल्लभ भाई व उनके मित्रों ने यह बयान समाचार पत्र में पढ़ा तथा गांधी जी के साहस से काफी प्रभावित हुए। इस घटना के पश्चात गांधीजी के प्रति वल्लभभाई के जहन में आदर भाव बढ़ा। जो उनके भावी राजनीतिक जीवन का सूत्रधार सिद्ध हुआ। वल्लभभाई 19 15 से ही गुजरात सभा के सदस्य थे। इस सभा ने सन 1917 में गोधरा में गांधी जी की अध्यक्षता में एक सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें अनेक कद्दावर नेता सम्मिलित हुए तथा प्रायः सभी ने हिंदी व गुजराती में भाषण दिया। यहां तक कि जिन्ना ने भी गुजराती में भाषण दिया। इस सम्मेलन में किसी ने भी अंग्रेजी में भाषण नहीं दिया। साथ ही ब्रिटिश ताज के प्रति वफादारी का प्रस्ताव पारित किया जाना समाप्त करवाया गया तथा इसे अनावश्यक करार दिया गया। अंग्रेजों और अंग्रेजी शासन का ऐसा विरोध पहली मर्तबा हुआ था। इस बीच एक कार्यसमिति का गठन किया गया। जो परिषद का अधिवेशन होने तक कार्य करती रही।

इस समिति के गांधी जी स्वयं अध्यक्ष रहे तथा वल्लभभाई को मंत्री नियुक्त किया गया और इसका कार्यालय अहमदाबाद में रखा गया। अब तक देश में होम रुल की स्थापना हो चुकी थीऔर सारे देश में बेगार विरोधी आंदोलन गति पकड़ रहा था। परिषद का मंत्री होने के कारण उक्त कार्यक्रम को सफल करने का दायित्व वल्लभभाई पर ही था। वल्लभभाई ने अत्यंत ही उत्साह से कार्य प्रारंभ किया तथा कमिश्नर के साथ पत्र व्यवहार किया। शुरूआत में तो कमिश्नर ने न नुकुर की मगर वल्लभभाई ने सात दिन तक का नोटिस देकर स्पष्ट कर दिया कि यदि निर्धारित समय सीमा में उत्तर न दिया। तो वे हाईकोर्ट के निर्णय के आधार पर बेगार प्रथा को गैर कानूनी ठहराकर लोगों को बेगार देना बंद करने की सूचना दे देंगे। हालांकि कमिश्नर ने नोटिस की समयावधि समाप्त होने से पूर्व ही वल्लभभाई को बुलाकर सारी स्थिति स्पष्ट कर पटेल की अभिलाषा के अनुसार निर्णय दे दिया। गांधी जी वल्लभभाई की इस उपलब्धि से काफी खुश हुए। इस घटनाक्रम से गांधी जी के साथ उनका संपर्क बढ़ा और पटेल उनके विश्वासपात्र सहयोगी बन गये। पटेल की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उन्होंने वकालत करनी शुरू कर दी। महज तीन वर्षों में वकालत से इतनी धन राशि अजिर्त कर ली कि वह आसानी से विदेश जाकर वकालत का अध्ययन कर सकते थे। अतः उन्होंने 1905मे में टामस कुक एंड कंपनी के साथ पत्र व्यवहार किया तथा विदेश यात्रा के लिए टिकिट आदि का प्रबंध किया। इस बीच दुर्भाग्य से टामस कुक एंड कंपनी का पत्र बल्लभ भाई के बड़े भाई विट्ठल के हाथ लग गया। पत्र का मजूम पढ़ते ही उनके जहन में विदेश जाकर बैरिस्टरी पास करने की इच्छा जागृत हो गई। काफी संकोच के पश्चात उन्होंने वल्लभभाई से कहा कि मैं तुमसे बड़ा हूं। इसलिए मुझे बैरिस्टरी के लिए विदेश जाने दो। मेरे लौटकर आने के पश्चात तुम चले जाना। तुम्हें तो बाद में भी मौका मिल जाएगा। लेकिन तुम अभी चले गए तो मुझे जाने का मौका नहीं मिलेगा। मान मयार्दा के प्रति समर्पित भाव रखने वाले वल्लभ भाई ने बड़े भाई कि आज्ञा का पालन किया और उन्हें विदेश भेज दिया।

वल्लभभाई मे परिस्थितियों को अनुकूल बना लेने की अद्भुत क्षमता थी उन्हें विदेश। जाना था इसके लिए उन्होंने इंतजार किया। विट्ठल भाई के विदेश से लौटने के पश्चात अगस्त 1910 में वल्लभभाई विदेश जाने के लिए जहाज मैं सवार हो गए। वहां पहुंचकर वैरिसटरी

की पढ़ाई के लिए उन्होंने मिडिल टेंपल में दाखिल लिया। यह रोमन ला की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की। इतना ही नही बैरिस्टरी की परीक्षा में भी उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया। व उस साल का पुरस्कार वल्लभभाई तथा डेविस के मध्य में बाटा गया।

## भू-माफियाओं के द्वारा किए गए घोर उत्पीड़न के खिलाफ अंबेडकर भवन में 52 दिन से धरने पर बैठी महिलाएं



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार** / हरिद्वार के ग्राम जगजीतपुर में अनुसूचित जाति के व्यक्तियों को ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 1997 में कृषि भूमि के पट्टे आवंटित किए गए थे। तहसील प्रशासन के कर्मचारियों से सांठगांठ कर भूमाफियाओं ने कब्जा कर एवं रिंग रोड का गलत तरीके से मुआवजा लेकर अनुसूचित जाति की महिलाओं का घोर उत्पीड़न किया है। जबकि अपर आयुक्त गढ़वाल मंडल पौड़ी के आदेश पर विचार हेतु फाइल एसडीएम कोर्ट में विचाराधीन है। भू-माफियाओं के द्वारा किए गए घोर उत्पीड़न के खिलाफ अनुसूचित जाति की कुमारी प्रमिला, विद्यादेवी ,कलावती,सुखबीरी , सुलोचना देवी, सीतो देवी आदि 23 अक्टूबर 2024 से ग्राम जगजीतपुर के अंबेडकर भवन में 52 दिन से धरने पर बैठी है।

आज लगभग सुबह 10:00 बजे भू माफियाओं की शह पर मोहल्ले के कंवर एवं उसके लड़के भीम व अर्जुन ने धरने पर बैठी कुमारी प्रमिला को गंदी गंदी गालियां देते हुए कहने लगे कि हम देखेंगे तुम यहां कैसे धारण दोगी, चाहे मुझे जेल में जाना पड़े परंतु मैं तुम सबको जान से मारूंगा। इससे पहले धरने पर लगे बैनर भी फाड़ दिए थे । घटना की लिखित में सूचना पुलिस चौकी जगजीतपुर को दे दी है। सूचना पाते ही पुलिस मौके पर आई थी परंतु तब तक कंवर व उसके लड़के अपने घर का ताला लगाकर फरार हो गए थे । इस घटना से साफ हो गया है कि भू माफिया झगड़ा कराकर धरने में व्यवधान पैदा करना चाहते हैं। कंवर एवं उसका परिवार भू माफियाओं के पास रहता है इसलिए इस घटना को देखते हुए अब हमें कंवर व उसके परिवार एवं भूमाफियाओं से जान का खतरा हो गया है। पुलिस को तहरीर देकर भूमाफियाओं से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। पूर्व ग्राम प्रधान श्याम सुंदर आदित्य एवं बहुजन क्रांति मोर्चा के प्रदेश संयोजक भंवर सिंह ने धरने पर बैठी बिना मां बाप की कुमारी प्रमिला एवं बुजुर्ग महिलाओं के साथ की गई अभद्रता की कड़ी निंदा करते हुए कहा की कुछ लोग कानून की परवाह किए बगैर माहौल खराब करना चाहते हैं जो की चिंता का विषय है। समय रहते शासन प्रशासन को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

## कलियर पुलिस ने सट्टे की खाईबाडी करने वाले एक अभियुक्त को धर दबोचा



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

पिरान कलियर। कलियर थाना पुलिस को रेन बसेरा वजू खाना के पास से सट्टे की खाईबाड़ी के संबंध में सूचना मिली जहां सट्टे की खाईबाडी करते हुए पुलिस ने मुजाहिद उर्फ भूरा पुत्र हामिद निवासी दीपा सराय निकट ठंडी कोठी थाना नकाशा संभल उत्तर प्रदेश हाल निवासी मुकर्बपुर कलियर को मय सट्टा पर्चा डायरी पेन व 2130 रुपये नगदी के साथ गिरफ्तार गया है। जिस संबंध में थाना पिरान कलियर पर जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। इस दौरान पुलिस टीम में रविन्द्र, सुशील शामिल रहे।

## हरिद्वार पुलिस ने गुमशुदा नाबालिक को 12 घंटे की भीतर किया सकुशल बरामद

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



कोतवाली रानीपुर पर दिनांक 13.12.2024 को प्रवीन पुत्र रमेश बिन्दल नि0 म0नं0 315 विष्णुलोक कालोनी रानीपुर हरिद्वार द्वारा अपने नाबालिग बालक उम्र 12 वर्ष का घर से बिना बताये चले जाने के सम्बन्ध में सूचना दी, जिस पर रानीपुर पुलिस द्वारा तत्काल मु0अ0सं0 510/24 धारा 137(2) बी0एन0एस0 का अभियोग पंजीकृत कराया गया। प्रकरण नाबालिक से जुड़ा होने के कारण रानीपुर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए अलग अलग टीमें गठित शिवालिक नगर, सिडकुल, ज्वालापुर, बहादराबाद आदि स्थानो पर तलाश की गयी एवं विभिन्न सीसीटीवी कैमरो का अवलोकन किया गया। नाबालिक की तलाश में जुटी टीम के स्थल प्रयासों के फलस्वरूप गुमशुदा नाबालिक को 12 घंटे के भीतर ज्वालापुर रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर उसके परिजनो के सुपुर्द किया।

बालक की सकुशल बरामदगी पर परिजनो व स्थानीय लोगों द्वारा हरिद्वार पुलिस की कार्यशैली की सराहना करते हुए धन्यवाद किया गया।

## उद्योग जागरूकता कार्यक्रम में मानकों के महत्व पर बल

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा हरिद्वार में आज एक उद्योग जागरूकता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें उत्पाद गुणवत्ता और सुरक्षा में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की।

कार्यक्रम में श्री नरेश बंसल, माननीय सांसद (राज्यसभा) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने उद्योगों में मानकीकरण को बढ़ावा देने और प्रतिस्पर्धात्मकता व उपभोक्ता विश्वास को बढ़ाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला।

श्री सौरभ तिवारी, निदेशक एवं प्रमुख भारतीय मानक ब्यूरो देहरादून द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ कार्यक्रम का उद्देश्य और मानकों के महत्व को बताते हुए लघु उद्योगों को मानकीकृत किए जाने के लिए सभी इंडस्ट्री एसोसिएशन से एवं उपस्थित प्रतिभागियों से कहा।

श्री हरेंद्र गर्ग, अध्यक्ष, स्मॉल मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड (एसएमएयू), ने लघु एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) की उत्कृष्टता प्राप्ति में मानकों की भूमिका को रेखांकित किया। श्री सुरेश चंद जैन, पूर्व विधायक (रुड़की), ने क्षेत्र में उद्योगों के ऐतिहासिक विकास और सतत विकास के लिए मानकों का पालन करने की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। श्री अजय जैन, उपाध्यक्ष, (एसएमएयू) हरिद्वार, ने उद्योग हितधारकों और मानक निर्धारण संगठनों के बीच सहयोग के महत्व पर बल दिया, जिससे नवाचार और विकास को बढ़ावा मिल सके।

इस कार्यक्रम का विषय ₹उद्योग के लिए मानक अनिवार्य हैं₹ था। इसने ज्ञान साझा करने, सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा करने और मानकों के अनुपालन के लाभों को समझने के लिए एक मंच प्रदान किया। यह पहल, भारतीय मानक ब्यूरो के तत्वावधान में आयोजित की गई, जिसका उद्देश्य उद्योगों को मानकों को अपनाने के महत्व के प्रति जागरूक करना है, ताकि वैश्विक प्रतिस्पर्धा और उपभोक्ता संतुष्टि सुनिश्चित की जा सके।

## श्री शनि मंदिर में गरीबों के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

धनौरी पी. जी. कॉलेज धनौरी (हरिद्वार) द्वारा आज दिनांक 14 दिसंबर 2024 को ₹एक पहल₹ सामाजिक सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत बहादराबाद में श्री शनि मंदिर में गरीबों के लिए वस्त्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ महा-विद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डॉ.) विजय कुमार जी के औपचारिक उद्बोधन के साथ हुआ उन्होंने कहा कि महाविद्यालय का यह कार्यक्रम निश्चित ही समाज के लिए उपयोगी साबित होगा और समाज के जरुरतमंद लोगों को इसका पूर्ण लाभ होगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. अमित कुमार भगत जी ने बताया कि एक पहल कार्यक्रम के अंतर्गत अनाथ आश्रम, वृद्धाश्रम, कुष्ठ आश्रम में समय -समय पर वस्त्र खाद्य सामग्री और दवाओं इत्यादि का वितरण एवं चिकित्सा शिविर लगाया किया जाना सुनिश्चित है। समस्त महाविद्यालय परिवार के सहयोग से जरुरतमंद लोगों के लिए इस कार्यक्रम में गर्म वस्त्र का वितरण कराया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अरविंद कुमार श्रीवास्तव, डॉ. रवि शेखर, डॉ. सरिता शर्मा,डॉ. कल्पना भट्ट, डॉ. प्रमोद कुमार तथा उपनल स्टाफ संजीव ट्रालियां के साथ साथ महाविद्यालय के स्वयंसेवी छात्र छात्राओं रमन पाल, प्रिया, अजय, हरमीत कौर, रनदीप कौर, रमन और अर्पित मौजूद रहे। महाविद्यालय परिवार इस प्रकार के अन्य कार्यकम करने हेतु भविष्य में भी प्रतिबद्ध रहेगा।

## हरिद्वार पुलिस का जन जागरूकता अभियान लगातार जारी

### एसएसपी के निर्देश पर जगह जगह चौपाल का आयोजन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



मा0 मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सार्थक बनाने के लिये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के निर्देशन में कोतवाली नगर हरिद्वार पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चौपाल लगाकर लोगों को एकत्रित कर युवा पीढी को जागरुक कर नशे से भविष्य में होने वाले नुकसान के सम्बन्ध में अवगत कराया गया !इसके अतिरिक्त मौजूद लोगों को वर्तमान मे बढ़ रहे साइबर सम्बन्धित धोखाधड़ी के सम्बन्ध जानकारी दी गयी तथा साइबर अपराध से बचने के प्रति जागरूक किया गया ।

## भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने बैठक कर चुनाव में करनीय कार्यो की विस्तारपूर्वक चर्चा की

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



आज जिला भाजपा कार्यालय हरिद्वार पर नगर निगम हरिद्वार ,नगर पालिका शिवालिक नगर व नगरपालिका लक्सर के वार्ड प्रभारियो के साथ जिला चुनाव प्रभारी ज्योति प्रसाद गैरोला, जिला संगठन प्रभारी शैलेंद्र सिंह बिष्ट एवं भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल ने बैठक कर चुनाव में करनीय कार्यो की विस्तारपूर्वक चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं बल्कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

और देश की जनता लगातार भारतीय जनता पार्टी पर अपना विश्वास जताकर आगे बढ़ाने का काम कर रही है।

हम सब की भी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि हम जनता का विश्वास बनाए रखें और प्रदेश तथा केंद्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाकर अपना दायित्व पूरा करें।

हम सब की भूमिका सर्व स्पर्शी व सर्वव्यापी होनी चाहिए।

हम सभी को संगठन द्वारा तय किए गए प्रत्याशी को कमल का निशान मानते हुए कमल खिलाने का काम करना है।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री आशु चौधरी ने किया इस अवसर पर जिला महामंत्री आशुतोष शर्मा, लक्सर नगर पालिका चुनाव प्रभारी ओमप्रकाश जमदग्नि, शिवालिक नगर पालिका चुनाव प्रभारी देवी सिंह राणा ,जिला उपाध्यक्ष विकास तिवारी, लव शर्मा, अनु कक्कड़, सचिन शर्मा, रंजना चतुर्वेदी, देवेंद्र प्रधान, विक्रम भुल्लर, ऋषिपाल सिंह, महेंद्र धीमान, कुशल पाल सैनी, अनिल अरोड़ा, तरुण नायर, राजेश शर्मा, हीरा सिंह बिष्ट, नागेंद्र राणा, मोहित शर्मा, अरविंद अग्रवाल, रीता चमोली, शीतल पुंडीर, प्रीति गुप्ता, वीरेंद्र बोरी, मोहित वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हत्या के प्रयास में फरार चल रहे अभियुक्त को धर दबोचा

### घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद




मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

वादी नितिन शर्मा पुत्र मुकेश कुमार निवासी बद्री बाबला हवेली, कोतवाली नगर हरिद्वार द्वारा अभियुक्त गौतम चौहान उर्फ विभु के विरुद्ध वादी की रामघाट स्थित दुकान में घुसकर मारपीट, गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में कोतवाली नगर हरिद्वार पर मु0अ0स0-977/2024 धारा-115(2), 352, 351(3), 333 बीएनएस दर्ज किया गया था।

दौराने विवेचना बयान वादी व गवाहान एवं वीडियो फुटेज आदि के आधार पर दिनांक-13.12.2024 को धारा-109(1) इठर की बढोत्तरी की गयी। फरार चल रहे अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आप-पास एवं सम्भावित स्थानों पर लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरो को खंगालते हुए नामजद अभियुक्त गौतम उर्फ विभु को थाना क्षेत्र से घटना में प्रयुक्त चाकू के साथ दबोचा गया।

बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 25/4 आर्म्स एक्ट की भी बढोत्तरी की गयी।

नाम पता अभियुक्त-
गौतम चौहान उर्फ विभु पुत्र गंगा प्रसाद निवासी- नियर पोस्ट रामघाट बाजार कोतवाली नगर हरिद्वार उम्र 26 वर्ष

**बरामदगी का विवरण**

**हमले में प्रयुक्त एक अदद चाकू**

पुलिस टीम-
उ0नि0 प्रदीप राठौर
हेड कानि0 202 संजय पाल
कानि0 124 शिवशंकर

## हरिद्वार पुलिस की तत्तपरता, 02 गौवंशीय पशु को कटने से पहले बचाया

### मौके से फरार गौ तस्करों की तलाश जारी

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता



जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए भगवानपुर पुलिस द्वारा गिरधा मस्जिद के सामने चौराहे के पास से दो व्यक्ति दो सफेद बैलों की गले में बंधी रस्सी को पकड कर आगे आगे एवं तीसरा व्यक्ति जिसके हाथ में एक थैला पकड कर बैलों के पीछे पीछे चल रहा था। जो पुलिस को आता देखा मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है। मौके पर दोनो बैंलों का सकुशल बचाया गया व गौकशी उपकरण बरामद किया गया।बरामदा दोनो गौवंशीय पशु को भारतीय ग्राम विकास एंव गौरक्षार्थ न्यास (गौशाला ग्राम झीवरहेडी ) के सुपुर्द किया गया।

माल बरामदगी व फरार अभि0 के विरूद्व थाना हाजा पर मु0अ0सं0 891/24 धारा 3/11 उ0गौ0सं0अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 पंजीकृत किया गया।

***फरार अभि0गण****

1- राव फरदूला पुत्र राव अफजल निवासी सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार

2- कलीम पुत्र ईमामी निवासी सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार

3- खुर्शीद उर्फ काला पुत्र ईमामी निवासी सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार

बरामदगी झ

1- 02 जीवित गौवंशीय पशु

2- एक छुरी

3- एक कुल्हाडी

पुलिस टीम-

1-उ0नि0 सुभाष चन्द्र झथाना भगवानपुर

2- अ0उ0नि0 प्रदीप चौहान झ थाना भगवानपुर

3-है0कानि0 सुधीर चौधरी झ थाना भगवानपुर

4-का0 1588 राहुल कुमार झ थाना भगवानपुर

3-कानि0 260 अजय जोशी झ थाना भगवानपुर

## रूड़की नेहरू स्टेडियम में यज्ञशाला में लगी आग फायर यूनिट रुड़की ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**रूड़की।** नेहरू स्टेडियम में आग लगने की सुचना पाकर फायर यूनिट रुड़की तत्काल घटनास्थल नेहरू स्टेडियम थाना क्षेत्र गंगनहर पहुंची घटनास्थल पर पहुंच कर मोटर फायर इंजन से होज पाइप फैलाकर पंपिंग कर उक्त स्थान पर रूद्र चंडी महायज्ञ के लिए बनी घास फूस की झोपड़िया में लगी भयंकर आग को पूर्ण रूप से बुझाया। आग से घास फूस की झोपड़िया यज्ञ का सामान आदि जलकर राख हो गया है अन्य कोई जनहानि नहीं हुई है मौके पर यज्ञशाला के स्वामी श्री आदरि जी स्वयं मय सेवकों के मौजूद थे सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व पार्षद श्री चंद्र प्रकाश बाटा भी मौके पर मौजूद थे। प्रत्यक्षदरशियो द्वारा बताया गया कि कहीं से आकाशवाणी पटाखा जलता हुआ झोपड़ियां पर गिरा जिस कारण झोपड़ियों ने आग पकड़ ली। अग्निशमन कार्य उपरांत घटना के संबंध में कंट्रोल रूम रुड़की को भी अवगत करा दिया गया है मौके पर मौजूद स्वामी जी एवं जनसामान्य द्वारा फायर यूनिट रुड़की की टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई एवं रिस्पांस टाइम की खुले मन से प्रशंसा भी की घटनास्थल पर गई टीम में लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा, चालक विपिन सिंह तोमर, फायरमैन दिनेश चौहान शामिल रहे।

## हरिद्वार पुलिस की तत्तपरता, 02 गौवंशीय पशु को कटने से पहले बचाया

### मौके से फरार गौ तस्करों की तलाश जारी



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

ग्राम सिकरोडा में कुछ व्यक्तियों द्वारा गोकशी करने के लिए दो बेलों को लाने की सूचना मिली थी। जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए भगवानपुर पुलिस द्वारा गिरधा मस्जिद के सामने चौराहे के पास से दो व्यक्ति दो सफेद बैलों की गले में बंधी रस्सी को पकड कर आगे आगे एवं तीसरा व्यक्ति जिसके हाथ में एक थैला पकड कर बैलों के पीछे पीछे चल रहा था। जो पुलिस को आता देखा मौके से फरार हो गए जिनकी तलाश जारी है। मौके पर दोनो बैंलों का सकुशल बचाया गया व गौकशी उपकरण बरामद किया गया ।बरामदा दोनो गौवंशीय पशु को भारतीय ग्राम विकास एंव गौरक्षार्थ न्यास ( गौशाला ग्राम झीवरहेडी ) के सुपुर्द किया गया।

माल बरामदगी व फरार अभि0 के विरूद्व थाना हाजा पर मु0अ0सं0 891/24 धारा 3/11 उ0गौ0सं0अधि0 व 11 पशु क्रूरता अधि0 पंजीकृत किया गया।

**फरार अभि0गण**

1- राव फरदूला पुत्र राव अफजल निवासी सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार

2- कलीम पुत्र ईमामी निवासी सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार

3- खुर्शीद उर्फ काला पुत्र ईमामी निवासी सिकरोडा थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार

**बरामदगी**

1- 02 जीवित गौवंशीय पशु

2- एक छुरी

3- एक कुल्हाडी

**पुलिस टीम-**

1-उ0नि0 सुभाष चन्द्र झथाना भगवानपुर

2- अ0उ0नि0 प्रदीप चौहान झथाना भगवानपुर

3-है0कानि0 सुधीर चौधरी झथाना भगवानपुर

4-का0 1588 राहुल कुमार झथाना भगवानपुर

3-कानि0 260 अजय जोशी झथाना भगवानपुर

## गुरुजनों की परम कृपा अनुसार भगवान दत्तात्रेय जी की विधि विधान से सभी संतो द्वारा पूजा अर्चना की गइ



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**हरिद्वार,** प्रसिद्ध जूना अखाड़े में भगवान दत्तात्रेय जयंती बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लाह के साथ परम पूज्य श्री हरि गिरि महाराज श्री प्रेम गिरि महाराज वह अन्य गुरुजनों की परम कृपा अनुसार भगवान दत्तात्रेय जी की विधि विधान से सभी संतो द्वारा पूजा अर्चना की गई इस अवसर पर बोलते हुए कोठारी महंत महाकाल गिरी महाराज ने कहा भगवान दत्तात्रेय भक्तों को मनोवांछित फल प्रदान करने वाले परम आराध्य है डाकघर के पास पडने वाले चौराहे पर लगी भगवान दत्तात्रेय जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर सेक्रेटरी महेश पुरी महाराज सेक्रेटरी पशुपति गिरी महाराज कारोबारी महेंद्र भारती महाराज कोठारी श्री महाकाल गिरि महाराज थानापति परमानंद गिरि महाराज थानापति विश्व आनंद गिरि स्वामी परमानंद गिरि स्वामी गौतम गिरी महाराज सहित अनेकों संत महापुरुष उपस्थित थे

## लड़ झगड़कर शांति भंग करने वाले पर हरिद्वार पुलिस की कार्यवाही

### रुड़की पुलिस ने शांति भंग करने पर 170 BNSS में 01 व्यक्ति को हिरासत में लिया



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

दिनाँक 13.12.2024 को ताराचंद पुत्र हरमल निवासी रुड़की के द्वारा धर्म सिंह पुत्र नकली राम निवासी खटका के कमेटी के पैसों के लेनदेन को लेकर दोनों पक्षों को थाना बुलाया गया था।

बातचीत के दौरान ताराचंद उत्तेजित होकर मरने मारने के लिए उतारू हो गया जिसको पुलिस द्वारा काफी समझाने का प्रयास किया लेकिन नहीं माना।

पुलिस द्वारा आरोपी को अंतर्गत धारा 170 इठरर में कोतवाली रुड़की परिसर से हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है

## समीकरण नगर पालिका लक्सर-अनुसूचित नगर पंचायत सुल्तानपुर-अन्य पिछड़ा वर्ग घोषित की गई

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

हरिद्वार जनपद में होने वाले नगर निकाय में चैयरमैन, नगर पालिका लक्सर और नगर पंचायत सुल्तानपुर अध्यक्षों की आरक्षण की सूची शनिवार को जारी हो गई है। अब क्या बनेंगे नए समीकरण नगर पालिका लक्सर-अनुसूचित नगर पंचायत सुल्तानपुर-अन्य पिछड़ा वर्ग घोषित की गई है।आरक्षण ने बदला कस्बे की सरकार का समीकरण निकाय चुनाव में अध्यक्ष पदों का आरक्षण जारी होते ही कई पार्टियों का समीकरण बदल गया है। वहीं कई चर्चित चेहरे चुनाव लड़ने से पहले ही बाहर हो गए हैं।लक्सर में 2017 में हुए निकाय चुनाव में चेयरमैन सीट का चुनाव अनारक्षित घोषित किया गया था। लेकिन इस बार चक्रनुसार विधि को अपनाते हुए शासन ने लक्सर नगर पालिका चेयरमैन की सीट अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित कर दी है, जिससे मैदान में उतरने वाले कई प्रत्याशी चुनाव लड़ने से पहले ही मैदान से बाहर हो गए हैं। अब आरक्षण सूची आने के बाद इतिहास बदलने के संकेत हैं। इसके पीछे महाभारत कालीन ऐतिहासिक के परिदृश्य के साथ-साथ वार्डों को नई सियासत होगी। 2017 के चुनाव के लिए नगर पालिका के दायरे के साथ-साथ इस बार मतदाताओं की भी संख्या में करीब दो हजार का इजाफा हुआ है। लक्सर नगर में इस बार भी अनारक्षित या ओबीसी सीट का अंदाजा लगाया जा रहा था, जिसके लिए भाजपा सहित अन्य पार्टियों के कार्यकर्ता पिछले कई महीनों से तैयारी में जुटे थे। लेकिन




अनुसूचित जाति का आरक्षण निर्धारित होते ही उनके मंसूबों पर पानी फिर गया है। अब मतदाताओं का घालमेल सही नहीं हुआ तो सियासी विचारधाराएं टकराती नजर आएंगी। आरक्षण जारी होते ही सुल्तानपुर नगर पंचायत सीट पर नए इतिहास की पृष्ठभूमि भी तैयार होने लगी जनसंख्या से मतदाताओं की संख्या बढ़ गई। प्रत्येक वार्ड में मतदाता दो सौ से तीन सौ के से ऊपर पहुंच गए। अब इनको एक साथ साधने में सभासद और चेयरमैन पद के संभावित प्रत्याशी नए सियासी सूरमाओं को पसीने छूटते से दिखाई देंगे। नगर पंचायत सुल्तानपुर का आरक्षण जारी होते ही कई प्रत्याशियों के चेहरे खिल उठे हैं, तो वहीं कई को मायूसी हाथ लगी है। नगर पंचायत सुल्तानपुर अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित की गई है।नगर पंचायत सुल्तानपुर की सीट अन्य पिछड़ा वर्ग के खाते में जाते ही तैयारी में जुटे कई प्रत्याशियों को मायूसी हाथ लगी है।

## नशे के विरुद्ध जागरूक करने हेतु गाँव गाँव जाकर हरिद्वार पुलिस द्वारा लगायी जा रही है, चौपाल

### नशे के चुंगल से निजात दिलाने हेतु की जा रही है काउंसिल



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

माननीय मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड के ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन 2025 को सफल बनाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा जनपद में गाँव गाँव जाकर चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त आदेश के क्रम में दिनांक 14.12.2024 को ग्राम चुडियाला व सिरचन्दी में नशे के दुष्प्रभावों के बारे में चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मौजूद सभी ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणाम व साईबर अपराधों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी ग्राम वासियों से अपील की गई कि यदि कोई व्यक्ति नशे के कारोबारी की करता है या फिर उसकी मदद करता है, उसके बारे में सूचना पुलिस को दे, उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। ग्राम में नशा करने वाले व्यक्तियों की काउंसलिंग कर उन्हें नशा मुक्त कर एक बेहतर समाज का निर्माण करने की शपथ दिलाई। जिस पर ग्रामीणों द्वारा पुलिस के पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया।

## एसओजी और वन विभाग की टीम ने शीशम व सिरस की लकड़ी से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा, खेत स्वामी व ठेकेदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

### परमिशन की आड़ में हो रहा है हरे पेड़ों का विनाश,संबंधित अधिकारी मौन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**लक्सर।** लक्सर क्षेत्र में वन तस्करों के हौसले बुलंद हैं। वन माफिया ग्रामीणों को पैसों का लालच देकर उनके खेतों में खड़े- हरे पेड़ों पर आरी चला रहे हैं। अधिकारियों से सांठ गांठ कर परमिशन की आड़ में हरे पेड़ों को धरती से जुदा कर रहे हैं। ताजा मामला भिक्कमपुर क्षेत्र से आया है जहां पर एक लकडी ठेकेदार ने एक किसान को पैसों का लालच देकर उसके खेत में खड़े शीशम और सिरस के हरे पेड़ों को काट दिया है। और उसी के ट्रैक्टर ट्राली में भरकर ठिकाने लगाने सुल्तानपुर जा रहे थे तभी क्षेत्र में निहंदपुर सुठारी गांव में गस्त कर रही रुड़की वन सुरक्षा टीम (एस ओ जी) ने उन्हें पकड़ लिया और इसकी सूचना वन क्षेत्र अधिकारी लक्सर यशपाल राठौड़ को दी। एस ओ जी टीम के प्रभारी मनोज भारती ने आरोपी ट्रैक्टर चालक से इस संबंध में पूछा तो उसने बताया कि उसने गांव के ही लकड़ी ठेकेदार राजवीर को यह शीशम के पेड़ बेचे हैं। एस ओ जी की टीम ने वन विभाग की टीम को मौके



पर बुलाकर ट्रैक्टर ट्रॉली सहित शीशम की लकड़ी उनकी सुपुर्दगी में देकर दोनों आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये। वहीं सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने शीशम और सिरस की लकड़ीसहित ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त करते हुए वन विभाग कार्यालय में लाकर सीज कर दिया। और भिक्कमपुर निवासी किसान भूपेंद्र शर्मा व लकड़ी ठेकेदार राजवीर के विरुद्ध वन संरक्षण अधिनियम में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया। वन क्षेत्राधिकारी यशपाल सिंह राठौर ने बताया कि शनिवार सुबह रुड़की वन सुरक्षा बल (एस ओ जी) की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। गश्त के दौरान टीम ने सुल्तानपुर बीट के गाँव निहंदपुर सुठारी से शीशम की लकड़ी से भरी एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा है,जो सुल्तानपुर की ओर आ रही थी। आरोपी ट्रैक्टर चालक भूपेंद्र शर्मा और लकड़ी ठेकेदार राजवीर के विरुद्ध वन संरक्षक नियम में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज किया गया है और शीशम की लकड़ी सहित ट्रैक्टर ट्राली को जप्त करते हुए सीज कर दिया गया है। आपको बता दे क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के हौसले बुलंद है परमिशन की आड़ में जंगलों व खेतों से हरे पेड़ों को काटकर ठिकाने लगाया जा रहा है। मनोज भारती इंचार्ज देवेंद्र सुमित सैनी अविनाश योगेश गुंजन सिंह आदि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे

# परेड में 35 मित्र राष्ट्रों के अफसर भी पास आउट

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून आईएमए की भव्य पासिंग आउट परेड के बाद 456 युवा अधिकारी भारतीय सेना के अंग बन गए है और इस दौरान 35 मित्र राष्ट्रों के अफसर भी पास आउट हुए। इस अवसर पर ऐतिहासिक चेटवुड बिल्डिंग के ड्रिल स्क्वायर पर हुई परेड की सलामी नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल ने ली। इस अवसर पर भारतीय सैन्य अकादमी के नाम देश-विदेश की सेना को 66 हजार 119 युवा सैन्य अधिकारी देने का गौरव जुड़ गया है। इनमें मित्र देशों को आर्मी 2988 सैन्य अधिकारी भी शामिल हैं। पीओपी के मद्देनजर अकादमी के आसपास सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई थी। चप्पे-चप्पे पर सेना के सशस्त्र जवान तैनात रहे। वहीं दूसरी ओर परेड की समीक्षा नेपाल सेना के सेनाध्यक्ष सुप्रबल जनसेवा जनरल अशोक राज सिगडेल ने की। उन्होंने अधिकारी कैडेटों को आईएमए में उनका प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर बधाई दी। उन्होंने उत्कृष्ट परेड, बेदाग उपस्थिति और परेड के दौरान सटीकता के लिए प्रशिक्षकों और अधिकारी कैडेटों की सराहना की, जो उनकी कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण को दर्शाते हैं। जनरल अशोक राज सिगडेल का दौरा नवंबर 2०24 में जनरल उपेन्द्र द्विवेदी के नेपाल दौरे की पृष्ठभूमि में हुआ है, जहां उन्हें नेपाल के माननीय राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल द्वारा नेपाल सेना के जनरल की मानद रैंक से सम्मानित किया गया था। दोनों देशों के बीच अद्वितीय और लंबे समय से चली आ रही परंपराओं के अनुसार। नेपाली सेना के प्रमुख की यात्रा मजबूत और गहरे ऐतिहासिक, सैन्य संबंधों को दर्शाती है और दोनों सेनाओं के बीच संबंधों को और मजबूत करेगी।

इस अवसर पर बताया गया कि आज का यह दिन और तारीख आईएमए के इतिहास में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर के रूप में दर्ज किया जाएगा, जहां 155 नियमित पाठ्यक्रम, 44 तकनीकी प्रवेश योजना और 138 तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम के कुल 491 अधिकारी कैडेट, विशेष कमीशन अधिकारी एससीओ -53 शामिल थे। जिसमें रॉयल नेपाल सेना के दो अधिकारी कैडेटों सहित तेरह मित्र विदेशी देशों के 35 अधिकारी कैडेट भारतीय सैन्य अकादमी के पोर्टल से सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए। इस अवसर पर कैडेटों ने प्रेरणादायक उत्साह और उमंग का प्रदर्शन किया और श्सारे जहां से अच्छाश और कदम कदम बढ़ाए जा की सैन्य धुनों पर पूर्णता के साथ मार्च करते हुए एक उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें हर कदम पर गर्व और उत्साह झलक रहा था। वह जानते थे कि उनके माता-पिता और प्रियजन हर कदम को बड़े गर्व और स्नेह के साथ देख रहे थे, जिनमें दुनिया भर के सभी मीडिया प्लेटफार्मों पर लाइव कवरेज देखने वाले लोग भी शामिल थे। इस अवसर पर नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल ने इस विशिष्ट सम्मान के लिए भारतीय सेना के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, भारत सरकार को धन्यवाद दिया। भारतीय सेना के मानद जनरल के रूप में, उन्होंने कहा कि भारतीय सैन्य अकादमी में पासिंग आउट परेड की समीक्षा का अवसर उनके लिए विशेष रूप से सार्थक था। दो सौ से अधिक नेपाली कैडेट, इसी ड्रिल स्क्वायर से गुजरे हैं और नेपाली सेना के भीतर चार सेनाध्यक्षों सहित बहुत उच्च पद हासिल किए हैं।





इस अवसर पर पासिंग आउट कोर्स को संबोधित करते हुए नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल ने कहा कि सैंतीस साल पहले उन्हें भी इसी तरह की प्रसन्नता और संतुष्टि की अनुभूति हुई थी। उन्होंने चौथी शताब्दी ईसा पूर्व में प्राचीन रणनीतिकार, चाणक्य को उद्धृत किया और आपके कर्म आपका भविष्य तय करते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए भरोसा रखें कि आप अपने कार्यों की योग्यता के आधार पर प्रगति करेंगे, न कि अपनी साख के आधार पर प्रतिनिधित्व करने वाली महान शक्तियों का भविष्य और कल के योद्धा हैं। इस अवसर पर नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल ने स्वोर्ड ऑफ ऑनर का प्रतिष्ठित पुरस्कार एसीए जतिन कुमार को प्रदान किया गया। ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान पाने वाले अधिकारी कैडेट के लिए स्वर्ण पदक एयूओ प्रथम सिंह को प्रदान किया गया। ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरे स्थान पर रहने वाले अधिकारी कैडेट के लिए रजत पदक एसीए जतिन कुमार को प्रदान किया गया। इस अवसर पर ऑर्डर ऑफ मेरिट में तीसरे स्थान पर रहने वाले अधिकारी कैडेट के लिए कांस्य पदक बीयूओ मयंक ध्यानी को प्रदान किया गया। तकनीकी स्नातक पाठ्यक्रम से मेरिट क्रम में प्रथम स्थान पाने वाले अधिकारी कैडेट के लिए रजत पदक अधिकारी कैडेट चिराग यादव को प्रदान किया गया। तकनीकी प्रवेश योजना (टीईएस-44) से मेरिट क्रम में प्रथम स्थान पाने वाले अधिकारी कैडेट के लिए रजत पदक अधिकारी कैडेट महिपाल सिंह को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर विदेश से ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान पाने वाले अधिकारी कैडेट के लिए बांग्लादेश पदक अधिकारी कैडेट प्रबीन पांडे (नेपाल) को प्रदान किया गया। इस अवसर पर ऑटम टर्म 2०24 के लिए 12 कंपनियों के बीच ओवरऑल प्रथम स्थान पाने के लिए जेसोर कंपनी को चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ बैनर से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परेड की समीक्षा करने के बाद नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल ने युद्ध स्मारक, भारतीय सैन्य अकादमी पर पुष्पांजलि अर्पित की और इस प्रतिष्ठित प्रशिक्षण अकादमी के बहादुर पूर्व छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर समारोह , जहां अधिकारी कैडेट कमीशन अधिकारी के पद पर आसीन होते हैं, उनके माता-पिता और प्रियजनों द्वारा आयोजित किया जाता था। उन्होंने सभी से राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आप सबसे विशिष्ट बलों में शामिल होने के ऐतिहासिक और शानदार क्षण से बस एक कदम दूर हैं। इस अवसर पर अनेक सैन्य अधिकारी, कैडेट एवं अभिभावक मौजूद रहे।

## AI की मदद से दून की ट्रैफिक व्यवस्था पटरी पर लाने की कवायत





मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

जल्द आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस करेगा दून का ट्रैफिक कंट्रोल।उत्तराखंड पुलिस अककी मदद से दून वासियों को निजात दिलाने की कवायत में जुटी।यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए ट्रैफिक निदेशक अरुण मोहन जोशी कर रहे प्रयास।देहरादून कप्तान रहते हुए भी अरुण मोहन जोशी ने किए थे ट्रैफिक सुधार के लिए प्रयास।बंगलुरू के अस्त्रम सॉफ्टवेयर की तर्ज पर बनाया जा रहा दून के लिए सॉफ्टवेयर।शहर की ट्रैफिक लाइट्स को रीड कर अकसिस्टम कंट्रोल करेगा यातायात व्यवस्था।ट्रैफिक पुलिस के मुकाबले अक खुद से ही ऑपरेट कर सकेगा ट्रैफिक।शहर के CCTV और ट्रैफिक लाइट्स को ट्रैफिक लोड के अनुसार करेगा मैनेज।जुलूस या रैली की वजह से लगने वाले जाम और क्लियर रोड्स के बारे में भी दूनवासियों को रखेगा अपडेट ट्रैफिक निदेशक अरुण मोहन जोशी के मुताबिक इन सभी समस्याओं के निदान को लेकर अलग अलग संस्थानों से की जा रही बातचीत।।

## भारतीय सेना को मिले 456 युवा अधिकारी



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

राजधानी देहरादून में स्थित आईएमए के चेटसवुड भवन के ड्रिल स्क्वायर में आयोजित पासिंग आउट परेड(पीओपी) में परेड के अंत मे आखिरी पद रखने के साथ ही आईएमए के 456 कैडेट्स भारतीय सेना में शामिल हो गए है। इसी पीओपी में भारत के मित्र मुल्क के 35 विदेशी कैडेट्स भी आईएमए से प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने देश की सेना में सेवा देने को अधिकारी के रूप में तैयार हो गए है। नेपाल के सेना प्रमुख अशोक राज सिगडेल बतौर रिव्यूइंग अफसर के तौर पर पीओपी सेरेमनी परेड में शामिल हुए जिन्हें सभी कैडेट्स द्वारा परेड के दौरान सलामी दी गयी।1932 में स्थापित हुए आईएमए के 92 वर्ष के इतिहास में आईएमए द्वारा आज के परेड के बाद देश विदेश के 66 हजार 119 युवा अधिकारी देने का कीर्तिमान अपने नाम कर लिया है,जिसमे 2988 युवा अधिकारी भारत के विदेशी मित्र मुल्क के भी शामिल है। पीओपी के उपरान्त 456 युवा अधिकारियों के अभिभावको द्वारा अपने बच्चों के कंधों पर सितारे सजाकर उन्हें भारतीय सेना का अभिन्न अंग बनाया गया।

## शीतकाल में क्ळइढ के जवान करेंगे बद्री-केदार धाम की सुरक्षा

**उत्तराखंडः** बद्रीनाथ धाम और केदारनाथ धाम में शीतकालीन सुरक्षा को मजबूत करने के लिए शीतकाल के लिए भारतीय तिब्बत बॉर्डर पुलिस (आईटीबीपी) के जवानों की तैनाती कर दी गई है. दोनों धामों में आईटीबीपी की एक झ्र एक प्लाटून तैनात हुई है.

## शीतकाल में ITBP के जवान करेंगे बद्री-केदार धाम की सुरक्षा

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

भारतीय तिब्बत बॉर्डर पुलिस के जवानों के अलावा बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के कार्मिक भी शीतकाल में मंदिरों की सुरक्षा देखेंगे. शीतकाल में मंदिर की सुरक्षा को लेकर बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने पत्र लिख कर धामों में आईटीबीपी की तैनाती का अनुरोध किया था.

बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) के अध्यक्ष अजेंद्र अजय के अनुरोध के बाद ही केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा दोनों धामों के कपाट बंद होने के बाद हर साल आईटीबीपी के जवानों की तैनाती की जाती है. इस सुरक्षा व्यवस्था के तहत आईटीबीपी के जवानो को अत्यधिक ठंडे और कठिन परिस्थितियां में भी सतर्कता से ड्यूटी देने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है.

# देहरादून के रानीपोखरी में भू-माफिया का तीन सौ करोड़ का खेल

## पर्यटन हब के नाम पर मिली जमीन, प्लॉट के नाम पर हो गई करोड़ों की ठगी

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून उत्तराखण्ड के अन्दर भू-कानून को लेकर अब एक नई अलख जगनी शुरू हो गई है और राज्य में बाहर के बडे-बडे लोगों द्वारा खरीदी गई जमीनों के खेल का सच बाहर लाने के लिए भू-कानून संघर्ष समिति ने उत्तराखण्ड में जमीनों को लेकर हुये खेल को बेनकाब करने का अब सिलसिला शुरू कर दिया है और इसी के चलते राजधानी के रानीपोखरी में भू-माफियाओं द्वारा कथित रूप से खेले गये तीन सौ करोड के खेल का सारा राज बेनकाब करने के लिए मिशन शुरू हुआ है और समिति ने सरकार के पाले मे गेंद फेंकते हुए कहा है कि सरकार भू-माफियाओं से जमीन वापस लो और पर्यटन विभाग को भी संदेश दिया है कि वह विभाग की 123 बीघा जमीन को सरकार में निहित करायें। रानीपोखरी में तीन सौ करोड की जमीन को लेकर अब जो नया जिन्न बोतल से बाहर निकला है उससे अब देखना होगा कि सरकार इस पर क्या एक्शन लेती है? उत्तराखण्ड के अन्दर सशक्त भू-कानून बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने एक बडा संकल्प राज्यवासियों के सामने लिया है इसलिए उन जमीनों पर अब एक्शन शुरू होने की उम्मीद जाग चुकी है जो सरकार ने उद्योग लगाने के लिए दी थी लेकिन वहां उद्योग न लगाकर उनकी कीमतों को आसमान छूने देने के लिए उन्हें खाली रखा हुआ था।




उत्तराखंड में जमीनों का एक बड़ा घोटाला सामने आया है। पर्यटन हब के नाम पर दी गई जमीन पर भू-माफिया ने प्लॉट देने के नाम पर पहाड़ के लोगों से करोड़ों रुपए ठग लिए। मामला संज्ञान में आने के बाद मूल निवास, भू-कानून संघर्ष समिति के संयोजक मोहित डिमरी अपने साथी नमन चंदोला के साथ देहरादून के रानीपोखरी (झीलवाला) पहुँचे तो वह इस खेल को देखकर दंग रहे गये। दरअसल, आरए कंस्ट्रक्शन रियल एस्टेट कंपनी द्वारा यहां 123 बीघा जमीन पर ऋषिधाम एनक्लेव नाम से प्लॉटिंग का काम शुरू किया गया। जबकि यह जमीन पर्यटन हब के नाम पर दी गई थी।

मोहित डिमरी ने कहा कि कंपनी द्वारा दो साल पहले प्लॉटिंग का काम शुरू किया गया और खरीददारों से पचास प्रतिशत धनराशि एडवांस में ली गई, वहीं खरीददारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि दो साल बीत जाने के बावजूद ना उनके पैसे वापस मिले हैं और ना प्लाट। आज स्थिति यह है कि जिन लोगों ने प्लॉट के लिए 5० प्रतिशत एडवांस दिए, वो अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। 123 बीघा जमीन का बाजार मूल्य लगभग तीन सौ करोड़ है। मूल निवास झ्र भू कानून समन्वय संघर्ष समिति, जब तक हर एक खरीददार को उसका पाई-पाई पैसा वापस नहीं दिलाती, पीछे नहीं हटेगी। हम मांग करते हैं कि जल्द पर्यटन विभाग की 123 बीघा जमीन को सरकार में निहित किया जाय और लुटेरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाय।

उन्होंने कहा कि पचास प्रतिशत की धनराशि लोगों ने एडवांस दे दिये है और लोगों के पैसे वापस नहीं किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि टाउनशिप के नाम पर जो प्रोजेक्ट चल रहा है और जो कंपनी के द्वारा उत्तराखंड के भोले भाले लोगों से लाखों करोड़ों रुपए वसूले गये और कंपनी के अधिकारियों से वार्ता हुई है तो वह कह रहे है कि कंपनी लोगों का पैसा वापस करेगी और पर्यटन हब के नाम पर जमीन ली गई और प्लॉटिंग के नाम पर पैसा वापस दिया जाये और राज्य सरकार इस जमीन को अपने कब्जे में लेकर सरकार में निहित की जाये और जल्द ही लोगों का पैसा वापस नहीं किया गया तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के जमीनों के घोटालों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और टूरिज्म विभाग से 123 बीघा भूमि 1० से बारह साल पूर्व भूमि ली गई है और अभी तक कई लोगों को भूखंड दिये गये है कि एक तो यह जो जमीन है और उनका पाई पाई वापस करेंगें और पैसा वापस नहीं हुआ तो जहां जहां पर कंपनी के ऑफिस होंगें वहां की जिम्मेदारी आपकी होगी। उन्होंने कहा कि जमीन को सरकार में निहित करने की कार्यवाही शुरू की जाये और टूरिज्म में ही प्रोजेक्ट पास कराया जायेगा और कंपनी के अधिकारियों ने दावा किया है। उन्होंने कहा कि प्लॉट के नाम पर हमारे लोगों से जो पैसा लिया है उसकी पाई पाई वापस करोगे और कंपनी के अधिकारियों ने एक एक पाई को वापस करने का वादा किया है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही लोगों के पैसों को वापस नहीं किया गया तो आंदोलन किया जायेगा।

## पिता उत्तराखंड पुलिस में इंस्पेक्टर और मां सब इंस्पेक्टर, बेटे ने किया नाम रोशन, RIMC में हुआ चयन, पुलिस अधिकारियों ने दी बधाई



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

पिता उत्तराखंड पुलिस में इंस्पेक्टर और मां उप निरीक्षक। आज माता पिता के लिए गर्व भरा पल है। उनके बेटे का चयन फ्ब्र्टउ में हुआ। पुलिस जैसी 24 घंटे की ड्यूटी से समय निकालकर बेटे को अच्छी शिक्षा दी और इस काबिल बनाया कि आज जगह मुकाम पर उनका बेटा है उसने माता पिता का सर गर्व से ऊंचा कर दिया।पुलिस महानिरीक्षक एसडीआरएफ रिधिम अग्रवाल एवं कमांडेंट अर्पण यदुवंशी ने रउफ्ब्र् उत्तराखंड की सी कंपनी में नियुक्त इंस्पेक्टर जगदंबा प्रसाद बिजल्वाण के बेटे वैभव बिजल्वाण के राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज (फ्ब्र्टउ) में चयनित होने पर पूरे परिवार को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

उन्होंने कहा कि यह न केवल परिवार के लिए गर्व की बात है, बल्कि एसडीआरएफ के सभी सदस्यों के लिए प्रेरणादायक है। वैभव की सफलता साइबर सेल, एसएसपी कार्यालय देहरादून में नियुक्त उनकी माता उपनिरीक्षक निर्मल के समर्पण व लगन और उनके पिता के मार्गदर्शन व उनकी खुद की मेहनत का प्रतीक है। एसडीआरएफ परिवार उनकी इस उपलब्धि पर गर्व करता है।

## दून पुलिस ने स्कूली बच्चों के बीच पहुंचकर पढाया जागरूकता का पाठ

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

कार्यक्रम में दौरान स्कूली बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर अपराधों, बच्चों तथा महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों एवं यातायात के नियमों के सम्बन्ध में दी विस्तृत जानकारी।बच्चों के सवालों के जवाब देते हुए किया उनकी जिज्ञासाओ को किया शान्त, विचारों तथा सुझावों का किया आदान- प्रदान।बच्चो को स्वंय जागरूक रहते हुए अपने परि-वारजनों तथा आस-पास के लोगों को भी जागरूक करने के लिये किया प्रेरित।

थाना रानीपोखरी आम जनमानस को नशे के दुष्प्रभावों ,साइबर धोखाधडी, महिला तथा बाल अपराधों एवं यातायात के नियमो का पालन किये जाने के सम्बन्ध में जागरूक करने के लिये वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा सभी अधीनस्थों को समय-समय पर अपने-अपने क्षेत्रो में शिक्षण संस्थानों, स-ार्वजनिक मंचो पर जागरुकता अभियान चलाये जाने निर्देश दिये गये हैं। जिसके अनुपालन में पुलिस द्वारा सभी थाना क्षेत्रों मे नियमित रूप से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांकः 14-12-2024 को थाना रानीपोखरी क्षेत्रान्तर्गत स्थित चार्ल्स वैन एकेडमी भोगपुर में रानीपोखरी पुलिस द्वारा छात्र/छात्राओं के मध्य जाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान पुलिस टीम द्वारा उपस्थित सभी छात्र छात्राओं तथा अध्यापकगणो को नशे के दुष्प्रभावों, साइबर धोखाधडी के प्रकार तथा बचावों, महिला तथा बाल अपराधों एवं यातायात के नियमों का पालन करने तथा यातायात के नियमों का उल्लघंन करने के परिणाम स्वरूप होने वाली हानियों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।इस बीच उपस्थित छात्र-छात्राओं द्वारा सभी विषयों पर पूछे गये प्रश्नों एवं जिज्ञासाओं के सम्बन्ध में पुलिस टीम द्वारा विस्तृत रूप से उनका जवाब देते हुए विचारों, प्रश्नों एवं सुझावों का आदान प्रदान किया गया। साथ ही किसी प्रकार का साइबर अपराध घटित होने पर तत्काल उसकी सूचना टोल फ्री हैल्पलाइन नम्बर 1930 पर देने की जानकारी दी गई।

## डीआईटी विवि के दीक्षांत समारोह में शिक्षा मंत्री ने दिया नशा मुक्त उत्तराखण्ड का संदेश

### डीआईटी विवि में 8वा दीक्षांत समारोह संपन्न

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

देहरादून। विश्वविद्यालय, देहरादून ने आज, शनिवार 14 दिसंबर, 2024 को बड़े उत्साह और भव्यता के साथ अपना 8वां दीक्षांत समारोह आयोजित किया। दीक्षांत समारोह के मुख्य अतिथि श्री धन सिंह रावत, माननीय उच्च शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड सरकार, श्री अनुज अग्रवाल, अध्यक्ष, डीआईटी, श्री एन. रवि-शंकर, अध्यक्ष के प्रधान सलाहकार, प्रो. जी. रघुराम, कुलपति, डॉ. प्रद्युम्न पांडे, प्रमुख, मानव संसाधन-विनिर्माण, हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, दिल्ली और सुश्री अश्वथी वेणुगोपाल, वरिष्ठ निदेशक, कॉग्निजेंट टेक्नोलॉजी, बैंगलोर ने दीक्षांत समारोह स्मारिका और वार्षिक रिपोर्ट, 2023-24 का विमोचन किया। कार्यक्रम में 29 पीएचडी सहित विभिन्न कार्यक्रमों के 1247 छात्र; 228 स्नातकोत्तर छात्र (एम.टेक., एमसीए, एमबीए, एम. फार्मा, एमए, एम.एससी.); 979 स्नातक छात्रों (बी.टेक, बी. आर्क, बी. फार्मा, बीसीए, बी.एससी. (ऑनर्स), बी.ए. (ऑनर्स) और 11 डिप्लोमा प्रदान किए गए। विभिन्न विषयों से कुल 26 मेधावी छात्रों को उनके शैक्षणिक उत्कृष्टता के आधार पर पदक प्रदान किए गए।




श्री राहुल अधिकारी को शिक्षा, खेल, अनुसंधान और उद्यमिता के क्षेत्र में समग्र योगदान और उत्कृष्टता के लिए 'श्री नवीन अग्रवाल मेमोरियल गोल्ड मेडल' प्रदान किया गया। अपने अल्मा मेटर के साथ जुड़ाव बढ़ाने के लिए, विशिष्ट पूर्व छात्रों के लिए पुरस्कार श्री सिद्धार्थ शर्मा को दिया गया, जो सूचना प्रौद्योगिकी में इंजीनियरिंग स्नातक बैच 2003 के पूर्व छात्र हैं और पिछले दशक के स्नातक (गोल्ड) पुरस्कार श्री विवेक तारियाल को दिया गया, जो एप्लाइड इलेक्ट्रॉनिक्स और इंस्ट्रूमेंटेशन में बी.टेक बैच के पूर्व छात्र हैं।2024 के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि श्री धन सिंह रावत ने अपने दीक्षांत भाषण में स्नातकों को उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता के लिए बधाई दी। उन्होंने डीआईटी विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली शिक्षा की गुणवत्ता और दुनिया भर में सेवा करने वाले कुशल पेशेवरों को तैयार करने की सराहना की। दीक्षांत समारोह स्नातकों द्वारा शपथ ग्रहण के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## गंगोत्री धाम में शीतकालीन तपस्या 60 साधु संत ध्यान में लीन

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**गंगोत्री/उत्तरकाशी**, शीतकालीन यात्रा को ध्यान में रखते हुए, जिले में हिमपात और पाले से प्रभावित होने वाली सड़कों को निरंतर खुला रखने के लिए आवश्यक संसाधन और मशीनरी की तैनाती की जा रही है। गंगोत्री धाम में शीतकाल के दौरान पांच मंदिर समिति के लोग मां गंगा की सेवा में लगे साधु संत और मंदिर समिति के कर्मचारियों की व्यवस्थाओं में जुटे रहते हैं। वर्तमान में गंगोत्री धाम का तापमान शून्य है और जगह-जगह पाला पड़ा हुआ है। गंगोत्री धाम में 60 साधु संत अपनी तपस्या में लीन हैं। मंदिर समिति के 12 लोग शीतकाल के दौरान मां गंगा की सेवा में लगे रहते हैं। गंगोत्री धाम के पुजारी राजेश सेमवाल ने बताया कि गंगोत्री धाम में 60 साधु संत अपनी तपस्या में लीन हैं। मंदिर समिति के 12 लोग शीतकाल के दौरान मां गंगा की सेवा में लगे रहते हैं। पुलिस प्रशासन की ओर से 20 लोगों की ड्यूटी लगी रहती है। धाम की सुरक्षा व्यवस्था के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। पांच मंदिर गंगोत्री समिति के पूर्व अध्यक्ष ने बताया कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था के लिए समिति द्वारा मंदिर का निरीक्षण किया जाता है और साधु संतों की खाने-पीने की व्यवस्था आदि पर विशेष ध्यान दिया जाता है। हालांकि इस बार मौसम में जलवायु परिवर्तन साफ देखा जा सकता है। बीते साल की बात करें तो इस समय एक से डेढ़ फुट बर्फबारी देखने को मिलती थी, लेकिन इस बार मौसम परिवर्तन साफ देखा जा रहा है। गंगोत्री में वर्तमान में हल्की बर्फबारी हो रही है। जिलाधिकारी डॉक्टर मेहरबान सिंह बिष्ट ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हिमपात के दौरान बंद होने वाली सड़कों को तुरंत खोला जाए और पाला प्रभावित क्षेत्रों में सड़कों पर नमक और चूना डालकर वाहनों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जाए।

## फायर सर्विस टीम रुद्रप्रयाग ने स्कूली छात्र-छात्राओं को दिया अग्नि सुरक्षा बचाव एवं प्रशिक्षण



मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

ऊखीमठ शनिवार को जनपद के पुलिस कप्तान अक्षय प्रहलाद कोंडे के निर्देशन में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी रुद्रप्रयाग गणनाथ सिंह के नेतृत्व में फायर स्टेशन रुद्रप्रयाग द्वारा एवर ग्रीन एजुकेशनल सोसाइटी स्कूल ऊखीमठ पहुंचकर अग्नि सुरक्षा एवं प्रशिक्षण विषय पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस दौरान फायर सर्विस टीम ने स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवं समस्त स्कूल स्टाफ को आग एवं आग के लिए आवश्यक अवयव,आग के प्रकार एवं स्वरुप, आग को बुझाने की विधि तथा आग्नि जोखिम (फायर हैजार्ड) के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को अग्नि से जुड़े जोखिमों के बारे में जागरूक किया गया है,प्रशिक्षण में छात्रों को बताया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय कैसे शांत रहकर सही निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्हें आग बुझाने वाले यंत्रों (फायर एक्सटिंग्विशर) के सही उपयोग का व्यावहारिक प्रदर्शन भी कराया गया।

इसके साथ ही स्कूल में लगे प्राथमिक फायर उपकरणों के संचालन एवं प्रयोग विधि के बारे में जानकारी प्रदान कर इसके प्रयोग का अभ्यास कराया गया। स्कूली बच्चों को अग्निकांड से होने वाली हानि की जानकारी दी गयी तथा सभी को अपने आस-पास के वनों एवं जंगलों की महत्ता बतायी गयी।

## दुकान की आड़ में शराब तस्करी करने वाले दुकान संचालकों को किया गिरफ्तार

मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

पिथौरागढ़ को नशे से मुक्त करने के लिए और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कप्तान रेखा यादव के निर्देशन में जनपद पुलिस अराजक तत्वों पर नजर रखने के साथ ही उनके खिलाफ कार्यवाही कर रही है,इसके साथ ही इसके साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जा रही है।

जिस क्रम में क्षेत्राधिकारी परवेज अली के पर्यवेक्षण में जनपद पुलिस द्वारा एक विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया,जिसके तहत प्रभारी कोतवाली पिथौरागढ़ मदन सिंह बिष्ट के नेतृत्व में उ0नि0 कमलेश जोशी पुलिस टीम ने कुमौड तिराहे के पास स्थित एक ढाबे में शराब परोसने वाले ढाबा संचालक आशीष




कुमार पुत्र नवीन राम निवासी कुमौड पिथौरागढ़ को अवैध शराब सहित कर उसके विरूद्ध कोतवाली पिथौरागढ़ में धारा 21/60 आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया ।

वंही थानाध्यक्ष जाजरदेवल प्रकाश पाण्डेय के नेतृत्व में उ0नि0 सुप्रिया मय टीम द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक आशीष कुमार पुत्र होशियार राम निवासी ख्वाकोट को गिरफ्तार कर वाहन सीज किया तथा थानाध्यक्ष झूलाघाट आरती के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा वाहन चैकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालक पंकज सिंह गोबाडी पुत्र विक्रम सिंह निवासी भटेडी को गिरफ्तार कर वाहन सीज किया। इसी के साथ जनपद पुलिस द्वारा स-ार्वजनिक और धार्मिक स्थलों पर शराब पीकर हुड़दंग करने वाले 136 व्यक्तियों के खिलाफ वैधानिक कानूनी कार्रवाई की गयी।

## पुरुष कल्याण मंत्रालय बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन भेजा

मिशन नेशनल न्यूज / शादाब अली

हल्द्वानी/एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से महिलाओं के सुरक्षा के लिए दिए गए विशेष अधिकारों के कानूनों की आड़ में निर्दोष पुरुषों को झूठे केसों में फंसाकर हो रहे अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए संस्था पदाधिकारियों ने भारत स-रकार से पुरुष आयोग एवं पुरुष कल्याण मंत्रालय को यथाशीघ्र बनाने के लिए हल्द्वानी सिटी मजिस्ट्रेट के द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को ज्ञापन भेजाइस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि महिलाओं के सुरक्षा के लिए दिए गए विशेष अधिकारों के कानूनों की आड़ में कुछ लोग निर्दोष पुरुषों को भी छेड़छाड़ मारपीट यौन शोषण दहेज प्रथा बलात्कार के झूठे केसों में फसाकर उनकी सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे है जो बहुत ही चिंता का विषय है क्योंकि कई बार पुरुष अपने निर्दोष होने के साक्ष्य भी देते है तो उन्हें नहीं माना जाता है जबकि महिला के कहने भर से पुरुषों को अपराधी मान लिया जाता है और फिर पुरुषों को फसाए गए झूठे केसों से समझौते के आधार



पर लाखों करोड़ों रुपए की मोटी रकम मांगी जाती है और मजबूर पुरुष अपने मान सम्मान को बचाने के लिए इधर उधर से कर्जा लेकर ऐसी मांगों को पूरी करते है इस तरह से कुछ लोगों ने महिलाओं को दिए गए विशेष अधिकारों के कानूनों का दुरुपयोग कर पुरुषों से मोटी रकम कमाने का अपना व्यापार बना लिया है और जो पुरुष मांगे गए रुपए नहीं दे पाते तो उन्हें किसी झूठे केस में फंसाकर जेल भेज दिया जाता है जिससे पुरुष पर चौतरफा मार पड़ती है एक तो पुरुष का पूरा भविष्य अंधकार में चला जाता है दूसरा समाज में उसके प्रति घृणा पैदा हो जाती है तीसरा परिवार व परिवार की जिम्मेदारी से दूर हो जाता है चौथा बचे हुए जीवन को यापन करने के लिए आर्थिक तंगी के चलते जीवन में बहुत सारी मुश्किलें उत्पन्न हो जाती है जिस कारण से पुरुष मानसिक तनाव में चला जाता है और फिर तनाव के चलते उत्तेजना में आकर आत्महत्या कर अपने जीवन की यात्रा को समाप्त कर देता है जिसके लिए सीधे सीधे जिम्मेदार हमारे देश की न्याय प्रणाली है क्योंकि यदि पुरुषों के संरक्षण के लिए पुरुष आयोग एवं पुरुष कल्याण मंत्रालय होता तो आत्महत्या करने वाला पुरुष अपनी सच्ची बात यहां पर रखकर अपनी कानूनी लड़ाई सामाजिक तौर से लड़ता लेकिन ऐसा नहीं है इसलिए पुरुषों के आत्महत्या करने की संख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है इसीलिए अब भारत स-रकार पुरुषों के संरक्षण के लिए तुरन्त पुरुष आयोग एवं पुरुष कल्याण मंत्रालय बनाए ताकि झूठे केसों में फंसे निर्दोष पुरुषों को हुए नुकसान की क्षतिपूर्ति पूर्ण रूप से की जाए और निर्दोष पुरुषों के कल्याण के लिए अलग से बजट का प्रावधान कर सरकारी योजनाएं भी बनाई जाए जिससे निर्दोष पुरुषों को आत्महत्या करने से बचाया जा सके और महिलाओं को दिए गए विशेष अधिकारों के कानूनों का दुरुपयोग करने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने वाले कानून बनाया जाए जिससे महिलाओं और पुरुषों के बीच फैल रहे मतभेद को जड़ से खत्म किया जा सके

इस दौरान ज्ञापन देने में एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू कोषाध्यक्ष बलराम हालदार सचिव नन्दकिशोर आर्या पूर्णिमा रजवार योगिता बनोला बरखा शर्मा धर्मेंद्र साहू पीयूष शर्मा राजू साहू गोधन सिंह जन्तवाल अभिषेक साहू नरेश भण्डारी राजेश साहू जानकी कश्यप सूरज मिस्त्री पीयूष श्रीवास्तव पवन साहू अमित कुमार सुशील राय रवि गुप्ता रोहतास प्रजापति गौरव भट्ट दीपक कुमार सूरज कुम्हार मुकेश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे

## गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर व्याप्त गंदगी को दूर करने एवं स्टेशन परिसर में बाधित जलापूर्ति को बहाल करने के लिए सभासद श्रीमती आरती जायसवाल ने एस एस को दिया पत्र



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

**गोसाईगंज (अयोध्या)।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर बीते दो पखवारे से जगह जगह फैली गंदगी को दूर करने तथा स्टेशन परिसर में जलापूर्ति सुविधा बहाल करने की मांग गोसाई गंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीता राम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल ने मंडल रेल प्रबंधक को संबोधित पत्र गोसाई गंज स्टेशन अधीक्षक को देकर की है।सभासद श्रीमती जायसवाल ने दशार्या है कि गोसाईगंज स्टेशन के सकुर्लेटिंग एरिया में बीते 2 सालों से पानी टंकी बनकर खड़ी है लेकिन जलापूर्ति आज तक बाधित हैं।प्लेटफॉर्म नं 1/2/3 पर बने वाटर पोस्ट शो पीस बने है।यात्रियों को पीने हेतु पानी के अतिरिक्त तीनों प्लेटफार्मों पर उपलब्ध यूरिनल/टॉयलेट तथा कर्मचारी कार्यालय एवं कॉलोनी के समस्त आवासों में जलापूर्ति न होने से सभी को बड़े असुविधाओं का जहां समाना करना पड़ रहा है वही टॉयलेट/यूरिनल पे स्वच्छता का कार्य न होने के कारण पूरा प्रदूषण व्याप्त है। बीते 3 हफ्तों से बजटीय अभाव में पूरे स्टेशन परिसर एवं कार्यालय में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। एसएस एम0 एन0 मिश्र ने बताया कि सभासद श्रीमती जायसवाल का पत्र उचित कारवाई के लिए डीआरएम को भेज दिया जाएगा।

## मोबाइल और कम्प्यूटर का कहर आँखों पर



मिशन नेशनल न्यूज / संवाददाता

कम्प्यूटर पर अधिक देर तक काम करने और मोबाइल के अंधाधुंध उपयोग के कारण आँखों में दर्द होना आम बात हो गई है। जापानी वैज्ञानिकों ने कम्प्यूटर,लेपटॉप और मोबाइल का अधिक इस्तेमाल करने वाले लोगों की आँखों का परीक्षण कर

> **जापान स्थित टोटो यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकताओं ने लगभग दस हजार कर्मचारियों पर अध्ययन कर पाया कि कम्प्यूटर सहित अनय इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का अधिक उपयोग करने वालों की दृष्टि कमजोर हो गई थी और आगे चलकर यह ग्लूकोमा में बदल गयी। ग्लूकोमा में आँख की नसें धीरे-धीरे कमजोर हो जाती हैं और अगर इनका समय रहते उपचार नहीं किया जाए, तो व्यक्ति के अंधे होने की आशंका बढ़ जाती है।**

पाया है कि इससे ग्लूकोमा सहित कई बीमारियों के होने की आशंका बढ़ जाती है।

जापान स्थित टोटो यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन के शोधकताओं ने लगभग दस हजार कर्मचारियों पर अध्ययन कर पाया कि कम्प्यूटर सहित अनय इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस का अधिक उपयोग करने वालों की दृष्टि कमजोर हो गई थी और आगे चलकर यह ग्लूकोमा में बदल गयी। ग्लूकोमा में आँख की नसें धीरे-धीरे कमजोर हो जाती हैं और अगर इनका समय रहते उपचार नहीं किया जाए, तो व्यक्ति के अंधे होने की आशंका बढ़ जाती है।

चार अलग-अलग कंपनियों में काम करने वाले लोगों की आँखों की जांच करने वाले डॉक्टर मासायुकी तातेचिमी ने लोगों की कम्प्यूटर के सामने बैठने की आदत के बारे में जानकारी एकत्रित की और कम्प्यूटर का इस्तेमाल करने वालों को तीन श्रेणियों में बाँटा- मामूली, अधिक और अत्यधिक।

कम्प्यूटर का जरूरत से ज्यादा उपयोग करने वाले लोगों में आँखों की बीमारियां अधिक पायी गयी। इन लोगों की पास की नजर तो कमजोर थी ही, अधिकांश की आंखें ग्लूकोमा की शिकार भी पाई गई।

अब तो यह माना जा रहा है कि जैसे-जैसे कम्प्यूटर लेपटॉप और मोबाइल का उपयोग बढ़ रहा है, आँखों की बीमारियाँ भी बढ़ती जाएंगी और इनके उपचार के लिए और अधिक सुविधाओं की आवश्यकता होगी। (विनायक फीचर्स)

# शेयर बाजार में तेज उछाल, सेंसेक्स 843 अंकों की बढ़त के बाद बाजार बंद

**मुंबई**



भारतीय शेयर बाजारों ने शुक्रवार को शुरूआती गिरावट के बाद तेजी से वापसी कर दिन के कारोबार के अंत में ऊंचाई पर बंद हुए। भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को दूसरे भाग में तेजी से उबरकर मामूली लाभ के साथ सप्ताह का अंत हुआ। सेंसेक्स 843.16 अंक की बढ़त के साथ 82,133.12 अंक पर बंद हुआ, और निफ्टी50 219.60 अंक की बढ़त के साथ 24,768.30 अंक पर बंद हुआ। एनएसई के आंकड़ों के अनुसार, सेक्टोरल इंडेक्स में, एफएमसीजी, निजी बैंक और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सबसे अधिक तेजी वाले रहे, जबकि मीडिया, मेटल और फार्मा सबसे अधिक गिरावट वाले रहे। बाजार जानकारों ने कहा कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी और एफएमसीजी कंपनियों द्वारा कीमतों में वृद्धि, साथ ही मूल्यांकन में हालिया सुधार ने इस क्षेत्र को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद की। घरेलू बाजार इंडेक्स हेवीवेट्स के नेतृत्व में दिन के निचले स्तर से तेजी से उबर गया और कंसोलिडेशन के रास्ते से बाहर निकल गया। वर्तमान में, बाजार को उपभोक्ता खर्च में सुधार की उम्मीद है, जो त्यौहारी सीजन और वर्ष के अंत की छुट्टियों के कारण बढ़ रहा है। इसके अतिरिक्त, अमेरिकी खर्च में वृद्धि की उम्मीद आईटी क्षेत्र को आगे बढ़ा रही है। नवंबर में भारत की खुदरा महंगाई 5.48 प्रतिशत थी, जबकि अक्टूबर में यह 6.21 प्रतिशत थी, जो भारतीय रिजर्व बैंक के 2-6 प्रतिशत के कंफर्ट बैंड में आ गई।

## नई जनरेशन कार डस्टर का सोल ऑफ डकार एडिशन पेश

**नई दिल्ली**

रेनो कंपनी की सिस्टर ब्रांड डेसिया ने नई जनरेशन डस्टर का सोल ऑफ डकार एडिशन पेश किया है। कंपनी की यह एक शो कार है, जिसे कंपनी भविष्य में शोरूम मॉडल के रूप में लॉन्च करने की योजना बना रही है।

भारतीय बाजार में नई डस्टर के 2025 की दूसरी छमाही में लॉन्च होने की संभावना है। यह एसयूवी सीएमएफ-बी प्लेटफॉर्म पर आधारित है, जिसे रेनो, निसान और डेसिया ने मिलकर तैयार किया है। नई डस्टर का डिजाइन पूरी तरह से दमदार और ऑफ-रोडिंग क्षमताओं के अनुकूल है। इसमें वाय-शेप एलईडी हेडलाइट्स, वर्टिकल एयर इनलेट्स, चौकोर व्हील आर्च, वी-शेप टेललाइट्स और नया फ्रंट बंपर दिया गया है। एसयूवी की लंबाई 4340 मिमी और व्हीलबेस 2657 मिमी है। यह 5 और 7-सीटर वेरिएंट्स में उपलब्ध होगी। डस्टर के इंटीरियर में डबल-लेयर डैशबोर्ड, 7 इंच और 10.1 इंच की डिजिटल स्क्रीन, वायरलेस चार्जिंग, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कारप्ले, ऑटोमेटिक क्लाइमेट कंट्रोल और आर्कमिस 3डी साउंड सिस्टम जैसे फीचर्स शामिल हैं। सुरक्षा के लिहाज से इसमें ऑटोमेटिक इमरजेंसी ब्रेकिंग और एडवांस ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम जैसे फीचर्स दिए गए हैं।

नई डस्टर में तीन इंजन विकल्प होंगे, जिनमें 1.3-लीटर टर्बो पेट्रोल, 1.0-लीटर टर्बो पेट्रोल और 1.2-लीटर हाइब्रिड पेट्रोल (170 बीएचपी, 200 एनएम) शामिल हैं। इन इंजनों को 5-स्पीड गियरबॉक्स से जोड़ा गया है। एसयूवी की अनुमानित कीमत रुपए 20 लाख (एक्स-शोरूम) हो सकती है। भारतीय बाजार में इसका मुकाबला हुंडई क्रेटा, किआ सेल्टोस, टाटा हैरियर, स्कोडा कुशाक और मारुति ग्रैंड विटारा जैसी लोकप्रिय एसयूवीएस से होगा।

## आधी दुनिया हर महीने ऐंठते पेट के साथ भी तनकर बैठने को मजबूर

**न्यूयार्क सिटी**

लंदन की संसद में वीमन एंड इक्वैलिटी कमेटी ने खुलासा किया है जिसके मुताबिक उनके यहां महिलाओं के पीरियड पेन को हल्का-फुल्का मानते हुए खुद डॉक्टर ही खारिज कर रहे हैं। पीरियड पेन को लेकर अगर कोई डॉक्टर के पास जाती है तो लौटा दिया जाता है। ये हाल लंदन से लेकर न्यूयॉर्क, और दिल्ली से लेकर खारतूम तक एक जैसा है। कोई घर न बैठा दे इसलिए कितनी ही बच्चियां स्कूल के रास्ते में छेड़ी जाकर भी चुप रहती हैं। घर न बैठना पड़े इसलिए कितनी ही महिलाएं अनचाही छुअन सहती हैं। घर न बैठना पड़े इसलिए आधी दुनिया हर महीने ऐंठते पेट के साथ भी तनकर बैठने को मजबूर है या फिर सीने के दर्द में गैस की दवा खाकर बेमौत मर जाती हैं।

दिलचस्प बात ये है कि इसपर चर्चा भी सालों से हो रही है कि आखिर क्यों महिलाओं के दर्द को चुटकुला या बहाना समझा जाता है। कई अध्ययन हो चुके हैं और सैकड़ों रिपोर्ट्स छप चुकी है, लेकिन मामला वहीं अटका है, जहां सदियों पहले शुरू हुआ था। वह पीरियड ब्लड गलती से भी छू जाए तो लहलहाती फसल सूख जाती है। पशु मर जाते हैं। फलों से लदा पेड़ मुरझा जाता है। यहां तक कि पीतल पर जंग लग जाता है।

रोमन दार्शनिक और प्राकृतिक चिकित्सक प्लिनी द एल्डर ने पीरियड्स के बारे में जब ये कहा तो बहस की कोई वजह नहीं थी। सीधी-सी बात है महीने के कुछ रोज स्त्री को काबू में रखा जाए ताकि दुनिया बेपटरी न हो। यही हुआ। पहले से ही सिकुड़कर जीती महिलाएं और सिमट गई लेकिन बात खत्म नहीं हुई। साल 1874 में एक अखबार में छपा एक आर्टिकल धूम मचा रहा था। उसके लेखक हेनरी मॉल्डस्ले को ब्रिटेन समेत यूरोप में बुलाया जाने लगा कि वे बोलें जिससे बागी महिलाएं काबू में आ जाएं।

आर्टिकल में लिखा था स्त्री-पुरुष की तुलना दो बराबर के शरीर और दिमागों की तुलना नहीं है। महिलाएं महीने के कुछ दिन और जिंदगी के बहुत-सारे साल किसी बच्चे से भी कमजोर और मूर्ख हो जाती हैं। लंबी सैर या ज्यादा खाना खा लेने तक से पीरियड्स का डर और बढ़ जाता है। तो स्त्रियां आराम करें, और हल्का खाएं। एक तरफ हल्का भोजन- उच्च विचार पर पर्चे रंगे जा रहे थे, दूसरी तरफ कुछ महिलाएं पढ़ने-लिखने लगीं। लंबी सैर करते हुए वे मेडिकल कॉलेजों तक पहुंच गईं और डिग्री पाने लगीं।

पुरुष एकमत हुए और साल 1873 में लंदन ऑब्सटेट्रिकल सोसायटी ने महिलाओं को अस्पतालों में रैंक लेने से रोकने के लिए वोट कर दिया। डॉक्टरों के तरकश में वही घातक तीर था- पीरियड्स में महिलाएं बेकार हो जाती हैं। वे अपना दर्द संभालेंगी या मरीज को? महिला डॉक्टरों को इस तर्क के साथ घर बैठा दिया गया यानी एक तरफ दर्द को मानने से ही इनकार कर दिया, दूसरी तरफ इसके हवाले से बंदिशें भी लगा दी गईं।

साल 2023 में भारत में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता का कहना था कि कामकाजी महिलाओं को पीरियड लीव मिलनी चाहिए। इस पर तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि मेन्सट्रुअल लीव के कई पहलू हैं। लीव का प्रावधान बना देने से ये भी हो सकता है कि कंपनियां महिलाओं को काम पर रखने से कतराने लगें। पीठ ने तमाम सहानुभूति रखते हुए भी इस मामले में सीधा फैसला लेने से इनकार करते हुए कह दिया कि केंद्र चाहे तो ये निर्णय ले सकती है, हम बीच में नहीं पड़ेंगे।

नीदरलैंड ऐसा देश है जहां स्त्री-पुरुष बराबरी पर हैं, चार साल पहले वहां के एक सर्वे में निकला कि पीरियड से गुजर रही सिर्फ 14 फीसदी महिलाएं ही छुट्टियां लेती हैं। इसमें भी केवल 20 फीसदी ही बॉस से असल वजह बता पाती हैं। ज्यादातर महिला कर्मचारियों को हर महीने एकाध दिन या तो बुखार आ जाता है, या फिर कोई फैमिली इमरजेंसी।

दूसरा विश्व युद्ध खत्म होते ही जापान ने अपने यहां पीरियड लीव पॉलिसी लागू कर दी। वह चाहता था कि युद्ध में घर-बाहर संभालती थक चुकी महिलाएं थोड़ा आराम करें। इस बात को 70 साल से ज्यादा हो गए, लेकिन वहां हालात और खराब हैं। टोक्यो के फाइनेंशियल अखबार का सर्वे बताता है कि वैसे तो जापान की 48 फीसदी महिलाएं दर्द से निढाल रहती हैं लेकिन काम से छुट्टी नहीं ले पातीं। वजह? पीरियड्स पर छुट्टी मांगती महिलाएं या तो झूठी है, या नाकाबिल या फिर कमजोर।

साल 2003 से अगले 10 सालों में इंग्लैंड और वेल्स में करीब साढ़े हजार महिलाओं की इसमें जान चली गई क्योंकि उनके पास बने लोगों को अंदाजा ही नहीं था कि महिलाओं को भी सीने में दर्द हो सकता है, या फिर उन्हें दिल का दौरा पड़ सकता है। ज्यादातर महिलाओं को घर पर ही गैस की दवा के साथ कुछ काम-धाम करने का नुस्खा थमा दिया गया। बकौल डॉ कॉमेन महिलाएं लगातार शर्मिंदा होती रहती हैं। अपने बीमार होने पर, बीमारी के खुलासे पर, दवाओं के खर्च पर, कमजोरी में घर या बाहर न संभाल पाने पर यहां तक कि वक्त से पहले मरते हुए भी उन्हें ये बात सातती है कि वे अपनी जिम्मेदारी छोड़कर जा रही हैं।

इसी तजुर्बे के बाद डॉ कॉमेन ने एक किताब लिखी- ऑल इन हर हेड...इसमें उन्होंने बताया कि कैसे सदियों से महिलाओं की बीमारियों को वहम कहकर टाला जाता रहा।

# सीरिया में तख्तापलट के बाद अब इस्लामिक स्टेट के दोबारा लौटने का डर

**दमिश्क**

सीरिया में विद्रोहियों के कब्जा हो गया है। विद्रोही संगठनों ने राष्ट्रपति बशर अल-असद की सरकार गिरा दी जिससे असद को देश छोड़कर भागना पड़ा। अब देश की कमान अस्थाई तौर पर हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के हाथों में है। अब डर ये है कि सत्ता के खाली रहते हुए कहीं ये देश आतंकी ताकतों का ठिकाना न बन जाए। इसमें भी इस्लामिक स्टेट के दोबारा लौटने का डर है, जिसे देखते हुए अमेरिका अभी से खाली जगहों पर हमले कर रहा है।

इस्लामिक स्टेट की नींव सीरिया में शुरू हुए सिविल वॉर के दौरान पड़ी थी। तब वहां अलकायदा तैयार हुआ जो एक तरह का अंब्रेला संगठन था। इसके नीचे कई छोटे-छोटे समूह थे। इन्हीं में से एक था अल-कायदा इन इराक। इसके लड़ाके ज्यादा आक्रामक, और खतरनाक थे। ताकत बढ़ती गई और बाद में इसने खुद को अलग तरह से तैयार कर लिया। इसका नाम भी अल-कायदा इन इराक से बदलकर इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड लेवेंट (आईएसआईएस) हो गया।

2011 से अगले चार ही सालों के अंदर इस्लामिक स्टेट ने सीरिया के सभी बड़े शहरों पर कब्जा कर लिया। यहां तक कि इराक में भी उसकी तूती सुनाई देने लगी। कुल मिलाकर करीबए एक लाख वर्ग किलोमीटर की टैरिटरी पर इसका राज चलता था, जबकि आसपास के इलाकों में भी असर दिखने लगा था। 2016 से अगले सालभर के लिए अमेरिका समेत कई देशों ने मिलकर सीरिया और इराक में सैन्य अभियान चलाया और इस्लामिक स्टेट को खत्म करने में जुट गए। आखिरकार 2017 तक इसने सीरिया और इराक में अपना इलाका खो दिया। अगले कुछ समय में पूरे देश को ही इस्लामिक स्टेट मुक्त घोषित कर दिया गया।

आईएस ने अपना अधिकतर कब्जा खो दिया है, लेकिन यह पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। सीरिया के रेगिस्तान और इराक के कुछ दूरदराज के इलाकों में आईएस के लड़ाके अभी भी हैं और छिटपुट हमले करते हैं। वे रेगिस्तान में गुफाओं, सुरंगों और गांवों में छिपे हैं, जहां सेना नहीं पहुंच पाती है। इराक और सीरिया बॉर्डर भी इनके लिए शरणस्थली बना गया है, जो खुफिया है। यूफ्रेटिस नदी घाटी का एक हिस्सा भी इन्हीं लड़ाकों का गढ़ है।

सीरिया में में तेल और गैस के बड़े भंडार हैं। इस्लामिक स्टेट इनपर कब्जा करके अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत करना चाहता है। यही वजह है कि वह यहां से भागकर भी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है। अमेरिकी सैनिक तेल भंडारों के आसपास हैं लेकिन असद सरकार के गिरने के साथ उनकी हालत भी कमजोर हो गई है। सैनिकों के साथ और भी कई चुनौतियां हैं, स्थानीय लोग उनके विरोध में हैं। सीरिया और इराक के चरमपंथी गुटों को कई और देशों का समर्थन मिला हुआ हैं, जिससे आर्मी की मजबूती पर असर हो रहा है। इसके अलावा खुद अमेरिका अपने सैनिकों को वापस बुलाने की मांग उठ रही है, जिससे उनकी संख्या कम होती चली गई। अब सत्ता शून्यता में इस्लामिक स्टेट फिर सिर न उठाए, इसे लेकर अमेरिका अलर्ट हो चुका है। यही वजह है कि दोनों देशों के बॉर्डर पर स्थित इस्लामिक स्टेट के ठिकानों पर हवाई हमले किए। ये अटैक पहली बार नहीं हुआ है। अमेरिका सुपरपावर होने के नाते वह बीच-बचाव या हस्तक्षेप को अपनी नैतिक जिम्मेदारी मानता है। कई आर्थिक, सामरिक हित भी हैं। जैसे तेल और गैसों के भंडार एक बड़ा कारण हैं, जिसके चलते यूएस को सीरिया में इतनी दिलचस्पी है।

## टीवीएस ने पेश किया रोनिन 2025 एडिशन



**नई दिल्ली**

अपने वार्षिक इवेंट मोटोसोल 4.0 में टीवीएस मोटर कंपनी ने रोनिन 2025 एडिशन को पेश किया है। कंपनी ने इस एडिशन में डुअल-चैनल एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम जोड़ा है, जिससे बाइक की सुरक्षा में बड़ा सुधार हुआ है। यह अपडेटेड बाइक सेफ्टी, डिजाइन और रंग विकल्पों में खास बदलावों के साथ आई है।

डिजाइन में किए गए बदलाव इसे न सिर्फ और आकर्षक बनाते हैं बल्कि इसकी व्यावहारिकता भी बढ़ाते हैं। टीवीएस रोनिन के 2025 एडिशन में ग्राहकों को दो नए कलर विकल्प–ग्लेशियर सिल्वर और चारकोल एम्बर मिलेंगे। ग्लेशियर सिल्वर वेरिएंट में डुअल-टोन डार्क ग्रे और सिल्वर पेंट स्कीम है, जिसमें पीले रंग की पट्टियां दी गई हैं। वहीं, चारकोल एम्बर वेरिएंट में लाइट ग्रे और डार्क ब्लू के साथ लाल ग्राफिक्स जोड़े गए हैं। इसमें 225.9सीसी का एयर और ऑयल-कूल्ड सिंगल-सिलेंडर इंजन है, जो 20.1एचपी की पावर और 19.93एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। यह इंजन स्लिप और असिस्ट क्लच के साथ 5-स्पीड गियरबॉक्स से लैस है। टीवीएस ने बताया है कि रोनिन 2025 एडिशन को जनवरी 2025 में लॉन्च किया जाएगा। ग्राहक इसे टीवीएस की वेबसाइट या नजदीकी डीलरशिप पर बुक कर सकते हैं।

लॉन्च के बाद यह कावासाकी डब्ल्यू 175 और रॉयल एनफील्ड हंटर 350 को कड़ी टक्कर देगी। कंपनी ने अन्य लोकप्रिय रंग विकल्प जैसे मैग्मा रेड, गैलेक्टिक ग्रे, डॉन ऑरेंज, निम्बस ग्रे और मिडनाइट ब्लू को भी बरकरार रखा है। बाइक में लंबा स्मोक्ड वाइजर, ब्लैक-आउट फ्लाई स्क्रीन, यूएसबी चार्जिंग पोर्ट और पूरी तरह से ब्लैक इंजन केस, फेंडर और एग्जॉस्ट जोड़ा गया है।

## बीते सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव भरा कारोबार रहा


**मुंबई**

वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों और फेड पॉलिसी से पहले भारतीय सूचकांक लगातार चौथे सप्ताह बढ़त लेकर बंद हुआ। बाजार के जानकारों ने कहा कि बीते सप्ताह एफआईआई की खरीदारी, सीपीआई और आईआईपी आंकड़ों ने भी बाजार को साप्ताहिक गिरावट को कम करने में मदद की। बीते सप्ताह शेयर बाजार में सप्ताह भर उतार- चढ़ाव भरा कारोबार देखा गया। एशियाई बाजारों में कमजोर रुख के बीच शुरूआती घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को उतार-चढ़ाव का माहौल देखा गया। बीएसई सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 151.36 अंक की गिरावट के साथ 81,557.76 अंक पर खुला और 200.66 अंकों की गिरावट के बाद 81,508.46 पर बंद हुआ।

एनएसई निफ्टी भी बढ़त के साथ खुलने के बाद शुरूआती सौदों में 37.45 अंक फिसलकर 24,640.35 अंक पर खुला और 58.80 अंक टूटकर 24,619.00 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन मंगलवार को सपाट स्तर पर खुले। सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 35.71 अंक की बढ़त के साथ 81,544.17 अंक पर खुला और .59 अंक गिरकर 81,510.05 पर बंद हुआ। निफ्टी 13.25 अंक चढ़कर 24,632.25 अंक पर खुला और 8.95 अंक की गिरावट के साथ 24,610.05 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 19.22 अंक की बढ़त के साथ 81,529.27 अंक पर खुला और 13.34 अंकों की गिरावट के साथ 81,496.70 पर बंद हुआ। निफ्टी 21.55 अंक चढ़कर 24,631.60 अंक पर खुला और 20.25 अंकों की गिरावट के साथ 24,630.30 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को भी सपाट ही खुला। सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 83.73 अंक चढ़कर 81,609.87 अंक पर खुला और 236.18 अंक कमजोर होकर 81,289.96 पर बंद हुआ। निफटी 12 अंक की बढ़त के साथ 24,604.45 अंक पर खुला और 93.10 अंक टूटकर 24,548.70 पर बंद हुआ। शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में बड़ी गिरावट के बाद बाजार ने पलटी मार दी है। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बिकवाली के बाद संभले और हरे निशान पर लौट आए। दोपहर बाद सेंसेक्स 321.00 अंक चढ़कर 81,537.48 पर पहुंच गया और 843.16 अंक उछलकर 82,133.12 पर बंद हुआ। निफ्टी भी 88.75 अंक चढ़कर 24,637.45 पर खुला और 88.75 अंक चढ़कर 24,637.45 पर बंद हुआ।

## सीरिया में मात्र 40 हजार के हथियार ने असद का तख्ता पलटा

**दमिश्क**



सीरिया की सरकार को गिराने का प्लान तो बहुत पहले से ही बन गया था। रिपोर्ट के मुताबिक गोलानी की अगुवाई में एचटीएस ने सीरिया के इदलिब से आगे बढे. उससे 4-5 हफ्ते पहले ही यूक्रेन ने 150 फर्स्ट पर्सन व्यू ड्रोन हयात तहरीर अल शाम के गढ़ इदलिब में भेज दिए थे। साथ ही अपने 20 ड्रोन ऑपरेटर को भी आगे बढने से पहले ही पूरा ब्लू प्रिंट तैयार किया गया और फिर अटैक। फर्स्ट पर्सन व्यू ड्रोन जो कि कीमत में भी 40 हजार रुपये से भी कम का है,लेकिन इसने बेशकीमती सैन्य उपकरण को नष्ट किया।

इस ड्रोन को ऑपरेट करने के लिए किया ऐसी कमॉड एंड कंट्रोल सेंटर की जरूरत नहीं बल्कि दुश्मन के इलाके के महज तीन से पाँच किलोमीटर दूर किसी भी बंकर में बैठकर ऑपरेट किया जा जाता है। यूक्रेन ने इस ड्रोन से रूस को भी मैदाने जंग में नुकसान पहुंचाया। आकार में छोटे ये ड्रोन बहुत तेज रफतार से उडान भरता है। ड्रोन को आपरेट करने वाले को पायलट कहते है। जो हाथों में कंट्रोल और वीआर हेडसेट लगाकर उसे आपरेट करता है। इसमें लगा कैमरा पायलट को लाइव फीड भेजता रहता है। इस ड्रोन का नेविगेशन केपेब्लिटी जबरदस्त है। इसकी रेंज 6 से 7 किलोमीटर की है। इस ड्रोन के जरिए विस्फोटक भी दागे जा सकते है। पहले इन ड्रोन के रेसिंग के लिए इस्तेमाल में ला जाते थे लेकिन अब इनका इस्तेमाल जासूसी, टार्गेट को पहचानने और डायरेक्ट स्ट्राइक के लिए किया जाता है। रिपोर्ट के मुताबिक यूक्रेन के इंटेलिजेंस एजेंसी के अधिकारियों ने इदलिब का दौरा किया था और कुछ समय वहाँ गुजारा भी था।

# कार्ल हॉपकिंसन को मुंबई इंडियंस का नया फीलि्डंग कोच बनाया गया

**मुंबई**



पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने कहा कि टीम ने आईपीएल 2025 से पहले कार्ल हॉपकिंसन को अपना नया फील्डिंग कोच नियुक्त किया है। हॉपकिंसन ने जेम्स पैमेंट की जगह ली है, जो सात साल तक मुंबई इंडियंस के फील्डिंग कोच रहे थे। न्यूजीलैंड के मूल निवासी पैमेंट 2019 और 2020 में मुंबई इंडियंस की लगातार खिताबी जीत का हिस्सा थे। मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने कहा, हम उन्हें धन्यवाद देते हैं और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देना चाहते हैं। हॉपकिंसन ने हाल ही में इंग्लैंड के लंबे समय से चले आ रहे फील्डिंग कोच के रूप में अपना कार्यकाल समाप्त किया है, यह भूमिका उन्होंने 2018 में संभाली थी। वे 2019 में घरेलू धरती पर इंग्लैंड के वनडे विश्व कप और नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप जीत में शामिल थे। हॉपकिंसन वेस्टइंडीज में 2022 में अंडर19 विश्व कप में इंग्लैंड अंडर19 टीम के मुख्य फील्डिंग कोच भी थे, जहां वे 1998 के बाद पहली बार फाइनल में पहुंचने के बाद भारत के बाद उपविजेता रहे।

हॉपकिंसन ने 64 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिसमें 2,705 रन बनाए और 27.60 की औसत से रन बनाए, जिसमें तीन शतक भी शामिल हैं। उन्होंने 92 लिस्ट ए मैचों में 1,400 रन और 28 टी20 मैचों में 165 रन बनाए, इसके अलावा 2007 में काउंटी चैंपियनशिप जीतने वाली ससेक्स के अहम सदस्य भी रहे। फील्डिंग कोच के रूप में उनका काम अब बंद हो चुकी चैंपियंस लीग टी20 में ससेक्स टीम के साथ शुरू हुआ, 2010 से टीम के कोचिंग स्टाफ के साथ जुड़े रहे।

आईपीएल 2025 के लिए, मुंबई के पास रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा की मजबूत भारतीय चौकड़ी के साथ हार्दिक पांड्या कप्तान है। जेद्दा में पिछले महीने की मेगा नीलामी में, मुंबई ने ट्रेंट बोल्ट, विल जैक्स, रयान रिकलेटन, मिशेल सेंटनर, लिजाद विलियम्स और रीस टॉपली जैसे अनुभवी विदेशी खिलाड़ियों को शामिल किया। उन्होंने दीपक चाहर, नमन धीर, रॉबिन मिंज, कर्ण शर्मा, राज अंगद बावा जैसे भारतीय खिलाड़ियों के साथ-साथ अल्लाह गजनफर, बेवॉन जैकब्स, विग्नेश पुथुर और वेंकट सत्यनारायण राजू जैसे कम प्रसिद्ध खिलाड़ियों को भी टीम में शामिल किया।

## बाबर टी20 में सबसे तेजी से 11000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बने

**सेंचुरियन**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 में 31 रनों की पारी के साथ ही एक अहम अपने नाम कर ली है। बाबर अब टी20 प्रारुप में सबसे तेजी से 11000 रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। अपनी पारी के दौरान उन्होंने वेस्टइंडीज के आतिशी बल्लेबाज क्रिस गेल के रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। दाएं हाथ के बल्लेबाज बाबर ने यह रिकार्ड 298 पारियों में बनाया जबकि गेल को टी20 में 11000 रन बनाने के लिए 314 पारियां खेलनी पड़ी थीं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने इस आंकड़े तक पहुंचने 330 पारियां जबकि भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विरराट कोहली ने 337 पारियां खेली थीं।

बाबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में 20 गेंदों में 31 रन बनाए। उनकी इस पारी में 3 चौके और एक छक्का शामिल था। टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड भारत के रोहित शर्मा के नाम है। रोहित ने टी20 इंटरनेशनल में 4231 रन बनाए हैं। वहीं बाबर को रोहित का रिकार्ड तोड़ने 10 रन की जरूरत है। बाबर ने 128 मैचों में 4221 रन बनाए हैं। बाबर के नाम टी20 अंतराष्ट्रीय में 3 शतक और 36 अर्धशतक है। बाबर इंटरनेशनल क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाले पाकिस्तान के पांचवें बल्लेबाज हैं। इस सूची में इंजमाम उल हक, यूनिस खान, मोहम्मद यूसुफ और जावेद मियांदाद हैं।

## गिलेस्पी का पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा

**लाहौर**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज जेसन गिलेस्पी ने पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्हें साल 2024 अप्रैल में पाकिस्तान टेस्ट टीम का मुख्य कोच बनाया गया था। गिलेस्पी के इस्तीफे के बाद, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आकिब जावेद को टेस्ट टीम का अंतरिम मुख्य कोच नियुक्त किया है।

गिलेस्पी की आखिरी कोचिंग सीरीज में, पाकिस्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी कर जीत हासिल की थी। फिलहाल, पाकिस्तान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रहा है। इसके बाद तीन वनडे और फिर बॉक्सिंग डे (26 दिसंबर) से सेंचुरियन में दो टेस्ट मैचों की सीरीज शुरू होगी। अब जावेद का पहला काम इस दौरे के तहत द.अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज की कोचिंग होगा। पहला टेस्ट मैच 26 से 30 दिसंबर के बीच सुपरस्पोर्ट पार्क, सेंचुरियन में खेला जाएगा, जबकि दूसरा टेस्ट 3 से 7 जनवरी तक न्यूलैंड्स क्रिकेट ग्राउंड, केपटाउन में होगा।

पाकिस्तान फिलहाल आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर है और अगले साल के फाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है। इस साइकिल में उनके पास चार टेस्ट मैच बाकी हैं। दूसरी ओर, दक्षिण अफ्रीका प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर है और हाल ही में श्रीलंका को 2-0 से हराने के बाद फाइनल में जगह बनाने की प्रबल दावेदार बन गया है। जावेद पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज हैं जिन्होंने 22 टेस्ट मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया है।

## गाबा में तीसरे टेस्ट को लेकर आस्ट्रेलिया टेंशन में, भारत दे चुका है करारी शिकस्त

**नई दिल्ली**

भारत-आस्ट्रेलिया का तीसरा टेस्ट गाबा में होने वाला है जिसको लेकर आस्ट्रेलिया ने टीम का ऐलान भी कर दिया है। गाबा वह मैदान है जहां आस्ट्रेलिया को हराना मुश्किल होता है लेकिन 2021 में गाबा में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था। यह बात रोहित ब्रिगेड का हौसला बुदंल कर रही है। ऑस्ट्रेलिया भी उस हार को भुलाना चाहेगा।

ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर मिचेल मार्श ने कहा कि यह वक्त उस हार के बारे में सोचने का नहीं है। इसकी बजाय टीम को एडिलेड की तरह वापसी करने की अपनी क्षमता पर ध्यान देना होगा। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 2021 में गाबा टेस्ट मैच में ऋषभ पंत और शुभमन गिल की शानदार पारियों के दम पर हार का मजा चखाया था। यह ऑस्ट्रेलिया की इस मैदान पर 1988 के बाद पहली हार थी।

अब दोनों टीमें 14 दिसंबर से फिर आमने-सामने आने वाली हैं। यह पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट है। दोनों टीमें अभी 1-1 मैच जीत कर बराबर हैं। ऐसे में तीसरा टेस्ट बहुत अहम माना जा रहा है। मिचेल मार्श ने तीसरे टेस्ट मैच से पहले प्रैक्टिस सेशन में कहा कि पहले क्या हुआ अभी हमारे पास उसके बारे में सोचने का समय नहीं है। अभी हम केवल उन चीजों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो वर्तमान में अहम हैं।

पर्थ में पहले टेस्ट मैच में हार के बाद हमने जिस तरह से वापसी की यह उसका एक उदाहरण है। इसलिए हम अपनी शैली की क्रिकेट खेलने पर ध्यान दे रहे हैं। मार्श ने अपनी फिटनेस के बारे में कहा कि मेरी पीठ में दर्द था लेकिन अब मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं। मार्श ने पहले दो टेस्ट मैच में बहुत अधिक गेंदबाजी नहीं की लेकिन उन्होंने कहा कि यह टीम की रणनीति का हिस्सा है।

मिचेल मार्श ने तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड की फिटनेस की स्थिति का स्पष्ट ब्यौरा नहीं दिया जो मांसपेशियों में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट मैच में नहीं खेले थे। उन्होंने गुरुवार को अभ्यास सत्र में गेंदबाजी भी नहीं की। उन्होंने कहा कि अब तक जोस का सवाल है तो वह ऐसा खिलाड़ी है जो परेशान नहीं होता और मैच में खेलने के लिए जो कुछ संभव है वह करेगा।

**टीमें इस प्रकार हैं -**

ब्रिस्बेन टेस्ट में भारत की संभावित प्लेइंग-11: यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, शुभमन गिल, विराट कोहली, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रोहित शर्मा (कप्तान), नीतीश कुमार रेड्डी, रवींद्र जडेजा/रवचिंद्रन अश्वनि/वॉश ंगटन सुंदर , आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज.

ब्रिस्बेन के गाबा टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलिया की प्लेइंग क्र उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी, मार्नस लाबुशेन, स्टीव स्मिथ, ट्रेविस हेड, मिचेल मार्श, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर) पैट कमिंस, मिचेल स्टार्क, नाथन लायन, जोश हेजलवुड

## संजीव गोयनका ने केएल राहुल को नहीं किया रिटेन, अब बताया राहुल वाकई में टैलेंटेड

**नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने केएल राहुल को रिटेन नहीं किया था। संजीव ने न ही उन्हें ऑक्शन में टीम में शामिल करने की कोशिश की थी। पिछली बार राहुल की कप्तानी में टीम का प्रदर्शन खराब था, इस्कारण संजीव ने उन्हें फटकार भी लगा दी थी। हालांकि, ऑक्शन के कुछ दिन बाद संजीव ने कहा है कि राहुल टैलेंटेड हैं।

लखनऊ सुपरजायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने कहा, राहुल हमेशा से मेरी फैमिली की तरह रहे हैं और हमेशा रहने वाले है। उन्होंने लखनऊ सुपरजायंट्स की सिर्फ कप्तानी ही नहीं की है बल्कि उन्होंने परफॉर्म भी अच्छा किया है। मैं उनके लिए अच्छे फॉर्म के लिए शुभकामनाएं देता हूं। वह एक अच्छा इंसान है और अच्छी चीजें अच्छे इंसान के साथ होती है। उन्होंने कहा कि राहुल सच में टैलेंटेड है। मुझे उम्मीद है कि उनका टैलेंट टीम इंडिया के लिए जरूर काम आएगा। बता दें कि आईपीएल 2025 के लिए केएल राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने टीम में शामिल किया है। षभ पंत के बाहर होने के कारण वह टीम की कमान भी संभाल सकते हैं। आईपीएल 2025 के लिए दिल्ली कैपिटल्स की टीमः अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, ट्रिस्टन स्टब्स, अविषेक पोरेल, मिशेल स्टार्क, केएल राहुल, हैरी ब्रूक, जैक फ्रेजर-मैकगर्क, टी नटराजन, करुण नायर, समीर रिजवी, आशुतोष शर्मा, मोहित शर्मा का नाम शामिल है।

## अल्लू की गिरफ्तारी के बाद भी पुष्पा-2 पर दिखी भीड़, कमाए 800 करोड़

**मुंबई,**

ह्यपुष्पा 2फिल्म के रिलीज के 9वें दिन हैदराबाद पुलिस ने फिल्म के लीड एक्टर अल्लू अर्जुन को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों में भेज दिया, लेकिन इसके बाद भी इस एक्शन थ्रिलर के लिए क्रेज जरा भी कम नहीं हुआ है। बॉक्स ऑफिस पर ह्यपुष्पा 2ह्न ह्यफायरह्न बनकर बॉलीवुड से हॉलीवुड तक गदर मचाया हुआ है। इसकी छप्परफाड़ कमाई भी जारी है। अब तक 800 करोड़ कमा लिए। अल्लू अर्जुन का शुक्रवार को जेल जाना, फिर 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में एक्टर को भेजना, फिर हाईकोर्ट से जमानत और जमानत के बाद भी जेल में एक रात काटने वाले इस हाई बोल्टेज ड्रामे के बीच बॉक्स ऑफिस पर बुलेट ट्रेन से भी तेज दौड़ रही है। फिल्म ने 9वें दिन झन्नाटेदार कमाई की है। ह्यपुष्पा 2ह्न ने 9वें दिन हिंदी में 27 करोड़ का कलेक्शन किया है। इसी के साथ ये फिल्म 9वें दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तीसरी फिल्म बन गई है।

## सोनम बाजवा को साइन किया बागी 4 के लिए

**मुंबई**

पंजाबी अभिनेत्री सोनम बाजवा को अब बॉलीवुड की फिल्में मिलने लगी है। उन्हें फिल्म बागी 4 के लिए साइन किया गया है, जिसमें वह टाइगर श्रॉफ के साथ मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह निमार्ता साजिद नाडियाडवाला की एक्शन से भरपूर फिल्म होगी।

यह खबर सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही है, और फिल्म के प्रशंसकों को इस जोड़ी का इंतजार है। टाइगर श्रॉफ ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर एक पोस्ट शेयर किया, जिसमें उन्होंने सोनम बाजवा का बागी फ्रेंचाइजी में स्वागत किया। टाइगर ने कैप्शन में लिखा, रिबेल फैमिली के नए सदस्य का स्वागत! बागी यूनिवर्स में सोनम बाजवा को पाकर रोमांचित हूं। इसके बाद साजिद नाडियाडवाला ग्रैंडसन ने भी फिल्म की घोषणा सोशल मीडिया पर की। उन्होंने लिखा, साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल यूनिवर्स से लेकर एक्शन पैक्ड बागी 4 तक, अब सोनम बाजवा ने शो में महफिल लूटने के लिए एंट्री कर ली है।

फिल्म 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बागी 4 की शूटिंग शुरू हो चुकी है और सोनम बाजवा के जल्द ही सेट पर शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। फिल्म के निर्देशन का जिम्मा कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के प्रसिद्ध निर्देशक ए हर्षा ने लिया है, जिन्होंने बिरुगाली, चिंगारी और भजरंगी जैसी सफल फिल्मों का निर्देशन किया है। बागी फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 2016 में रिलीज हुई थी, जिसमें टाइगर श्रॉफ, श्रद्धा कपूर और सुधीर बाबू ने अहम भूमिका निभाई थी। यह फिल्म तेलुगू फिल्म ह्यवर्षमह्न का रीमेक थी। इसके बाद 2018 में ह्यबागी 2ह्न आई, जो तेलुगू फिल्म ह्यक्षणमह्न की रीमेक थी, और 2020 में ह्यबागी 3ह्न रिलीज हुई, जिसमें टाइगर और श्रद्धा कपूर के साथ रितेश देशमुख भी थे। अब ह्यबागी 4ह्न के साथ इस फ्रेंचाइजी को और भी नया रंग देने की कोशिश की जा रही है।

## नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कोल्डप्ले के साथ मंच पर प्रस्तुति देंगी जसलीन

**मुंबई**



कई लोकप्रिय गानों से अपने प्रशंसकों के दिलों पर राज करने वाली गीतकार और गायिका जसलीन रॉयल अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर कदम रखने जा रही हैं। खो गए हम कहां, लव यू जिंदगी, हीरिए, रांझा और साहिबा जैसे गानों से मंत्रमुग्ध करने वाली गीतकार ब्रिटिश रॉक बैंड कोल्डप्ले के म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर के भारत चरण के दौरान अतिथि कलाकार के रूप में शामिल होंगी।

जसलीन अगले साल 18, 19 और 21 जनवरी को नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में और 25 व 26 जनवरी को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कोल्डप्ले के साथ मंच पर प्रस्तुति देंगी। यह कोल्डप्ले का भारत में दूसरा दौरा है। इससे पहले बैंड ने 2016 में ग्लोबल सिटीजन फेस्टिवल के तहत मुंबई में परफॉर्म किया था। जसलीन ने इस मौके पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं कोल्डप्ले के साथ मंच साझा करने के लिए रोमांचित और सम्मानित महसूस कर रही हूं। उनका संगीत मेरे लिए हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहा है। मैं भारत के अविश्वसनीय प्रशंसकों के सामने परफॉर्म करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। कोल्डप्ले की सेट लिस्ट में उनके विश्व प्रसिद्ध गाने जैसे येलो, द साइंटिस्ट, फिक्स यू, विवा ला विडा, पैराडाइज, ए स्काई फुल ऑफ स्टार्स और एडवेंचर ऑफ ए लाइफटाइम शामिल हैं।

जसलीन रॉयल के भारतीय संगीत और कोल्डप्ले के अंतरराष्ट्रीय संगीत के संगम से दर्शकों के लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर मार्च 2022 में शुरू हुआ था और अब तक यह यूरोप, उत्तरी अमेरिका, लैटिन अमेरिका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में 1 करोड़ से अधिक टिकट बेचकर अब तक का सबसे ज्यादा भाग लेने वाला टूर बन गया है। यह टूर जनवरी और अप्रैल 2025 के बीच अबू धाबी, सोल और हांगकांग जैसे स्थानों पर भी आयोजित होगा।

## उर्फी जावेद ने एक ब्रांड पर लगाए बदतमीजी के आरोप

**मुंबई**



27 साल की एक्ट्रेस उर्फी जावेद एक बार फिर खबरों में हैं, लेकिन इस बार उनके किसी आउटफिट ने लोगों का ध्यान नहीं खींचा है, बल्कि वो एक ब्रांड के साथ विवादों में घिर गई हैं। उर्फी जावेद ने टूथपेस्ट और ब्रश के एक ब्रांड पर उनके साथ बदतमीजी करने के आरोप लगाए हैं।

सोशल मीडिया सेंसेशन उर्फी जावेद ने सोशल मीडिया पर ब्रांड के पीओसी (वो इंसान जिसके साथ शूट के लिए कॉन्ट्रैक्ट किया जाता है) के साथ अपनी बातचीत का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा कि उन्होंने सारी हदें पार कर दी। उन्होंने ब्रांड की तरफ से आए ईमेल का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है.एक्ट्रेस द्वारा शेयर किए गए पोस्ट में देखा जा सकता है कि ब्रांड की तरफ से उन्हें एक एड फिल्म के लिए अप्रोच किया गया। ब्रांड के लोग उर्फी से कहते हैं कि उनके पास एक्ट्रेस के लिए एक स्क्रिप्ट है, लेकिन क्या वो एड के लिए स्क्रीन पर स्ट्रिप कर सकती हैं। इस सवाल पर उर्फी जावेद का गुस्सा फूट पड़ा। इस सवाल के साथ उन्होंने स्क्रीन शॉट शेयर करते हुए लिखा कि इस बार इस ब्रांड ने सारी हदें पार कर दीं। वो आगे लिखती हैं, ह्यइस ब्रांड ने सारी लाइन क्रॉस कर दी। इतने सालों के एक्सपीरीयंस के बावजूद आजतक ऐसा कोई ब्रांड नहीं मिला है जिसने इस तरह की कोई हरकत की हो। मेरे साथ आजतक इतना गंदा अनुभव नहीं हुआ।

उर्फी जावेद के आरोपों के बाद ब्रांड ने भी सामने आकर अपनी सफाई पेश की।उन्होंने अपने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, ह्यकल एक पब्लिक फिगर ने अपने सोशल मीडिया पर कई स्क्रीनशॉट शेयर किए।हम इस बात को साफ कर देना चाहते हैं कि कभी भी हमारा मकसद किसी को ठेस पहुंचाना नहीं था। हम सिर्फ उनके साथ कोलैब्रोरेट करना चाहते थे।हम इन बातों पर तुरंत जवाब देना चाहते हैं, लेकिन हम कल 12-12-2024 को अपना पक्ष रखेंगे।ह्न बता दें कि उर्फी जावेद आए दिन खबरों में बनी रहती हैं। वो कभी अतरंगी फैशन सेंस तो कभी किसी ना किसी विवाद के चलते सुर्खियों में छाई रहती हैं।

**विशेष सूचना**

आज से समाचार पत्रा में वही संवाददाता वैध रहेंगे जिनके नाम प्रेस लाईन के ऊपर बने बॉक्स में दशार्ये गये हैं।

**समाचार व विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।**

**सारिका**
डेक्स एडिटर
7500992656

---

**नाथीराम कश्यप**
विशेष संवाददाता, लक्सर
9411119095

---------

**शादाब अली**
देहरादून
मो. 9897139325

-----

**शमशाद अहमद**
भगवानपुर

सभी राज्यों में, जिला, तहसील व ब्लॉक, स्तर पर प्रभारी व रिपोर्टर पद हेतू कार्य करने के इच्छुक युवक/युवतियां सम्पर्क करें।

**अमित कुमार मंगोलिया**
सम्पादक
प्रधन कार्यालय
मिशन नेशनल न्यूज, पुल जटवाड़ा, घास मण्डी, ज्वालापुर, हरिद्वार
मो. 9219141431
किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा

स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक अमित कुमार ने जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार ;उत्तराखण्ड से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः घास मण्डी, वाल्मीकि बस्ती, ज्वालापुर, हरिद्वार पिन 249407 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। किसी भी तरह के विवाद का निपटारा हरिद्वार न्यायालय में होगा सम्पादकः अमित कुमार